

पेज 6 महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं..

की खबर आज ही

जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी

# चेतना मंच




पेज 7 रोमांस करेंगी मृणाल ठाकुर..

वर्ष : 27 | अंक : 134 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, सोमवार, 05 मई, 2025 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रु. | पेज: 8


## पांच मंजिला मकान में आग, माँ-बाप व 3 बेटियों की जलकर मौत

### मकान के नीचे बनी थी जूता फैक्टरी







**कानपुर ( एजेंसी )।** उत्तर प्रदेश के कानपुर में बीती रात पांच मंजिला इमारत में आग लगने से दर्दनाक हादसा हो गया। इस हादसे में एक ही परिवार के 5 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में मां-बाप और तीन बेटियां शामिल हैं। फिलहाल, कई घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया गया है और जांच-पड़ताल के लिए फॉरेंसिक टीम को भेजा गया है। जले हुए मकान से रात 3 बजे सभी शव निकाले गए।

कानपुर के चमनगंज इलाके के गांधीनगर में एक बहुमंजिला इमारत में नीचे जूते की फैक्ट्री संचालित थी और ऊपर लोग रहते थे। बताया जा रहा है । (शेष पृष्ठ-3 पर)

## भारत ने चिनाब का पानी रोका

### नदी का जलस्तर गिरा, पाकिस्तान में हाल-बेहाल



**कश्मीर ( एजेंसी )।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 भारतीयों की हत्या के बाद पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए भारत सरकार ने सिंधु जल संधि रद्द करने का ऐलान कर दिया था। अब इस फैसले को अमली जामा पहनाना शुरू कर दिया गया है।

रिपोर्ट के मुताबिक सरकार ने जम्मू के रामबन में बने बगलिहार बांध से चिनाब का पानी रोक दिया है। जिस कारण चिनाब का जल स्तर गिर गया है। यहां स्थानीय लोग व पर्यटक चिनाब नदी को पैदल पार कर दूसरी ओर जा रहे हैं। वहीं कश्मीर में किशनगंगा बांध के जरिए झेलम नदी का पानी रोकने की योजना बनाई जा रही है।

रिपोर्ट के मुताबिक सरकार ने जम्मू के रामबन में बने बगलिहार बांध से चिनाब का पानी रोक दिया है। वहीं कश्मीर में किशनगंगा बांध के जरिए झेलम नदी का पानी रोकने की योजना बनाई जा रही है।


जम्मू के रामबन में स्थित बगलिहार बांध और उत्तरी कश्मीर में स्थित किशनगंगा बांध इन



नदियों पर भारत को पाकिस्तान से बेहतर स्थिति में रखते हैं।

भारत सरकार इन बांधों के जरिए विद्युत उत्पादन करती है और इसके साथ ही यही बांध भारत को इन नदियों में पानी रोकने और छोडने् की क्षमता प्रदान करते हैं। चिनाब का पानी रोकने के बाद पाकिस्तान में हालत बिगड़ रहे हैं।

### पीएम के साथ रक्षा सचिव की बैठक



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने पहुंचे। पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान से बढ़ते तनाव के बीच यह अहम मुलाकात चल रही है। इससे पहले वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने रविवार को प्रधानमंत्री से मुलाकात की थी। भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव की पृष्ठभूमि में यह अहम बैठक हुई थी

## टॉयलेट का दरवाजा खोलते ही धमाका, लड़का झुलसा



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** ग्रेटर नोएडा के सेक्टर-36 में एक बड़ा हादसा हुआ है। यहां घर में एक टॉयलेट के अंदर हुए जोरदार धमाके से हड़कंप मच गया। यह धमाका उस समय हुआ जब एक 16 साल के लड़के ने शौच जाने के लिए का टॉयलेट का दरवाजा खोला। तेज आवाज के साथ ब्लास्ट हो गया। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## दिल्ली में अवैध निर्माण के खिलाफ 'बुल्डोजर एक्शन'

### तैमूर नगर में नाले के किनारे अवैध निर्माण तोड़ा

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** उत्तर प्रदेश के बाद अब देश की राजधानी दिल्ली में भी अवैध अतिक्रमण के खिलाफ अभियान शुरू हो गया है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के तैमूर नगर इलाके में नाले के किनारे अवैध अतिक्रमण पर कार्रवाई करते हुए बुलडोजर एक्शन शुरू कर दिया है। इस दौरान इलाके में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है. तैमूर नगर नाले के जीणोद्धार में ये अवैध अतिक्रमण बाधा बन रहे थे, जिन्हें अब ध्वस्त किया जा रहा है।

डीडीए की टीम ने कड़ी सुरक्षा के बीच अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। मौके पर कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए भारी संख्या में पुलिस और पैरा मिलिट्री के जवानों को तैनात किया गया है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार, जिस तैमूर नगर के आईजी कैंप में आज अथॉरिटी का बुलडोजर चल रहा है, उस जगह पर साउथ ईस्ट जिला पुलिस ने अवैध बांग्लादेशियों के खिलाफ तीन बार ड्राइव चलाई थी। यहां अवैध बांग्लादेशी घुसपैठियों को दिल्ली में (शेष पृष्ठ-3 पर)

## इंडियन आइडल के विजेता पवनदीप हादसे में घायल

### नोएडा के लिए चिकित्सकों ने किया रेफर

**गजरौला।** दिल्ली-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर बड़ा हादसा



हुआ है। यहां इंडियन आइडल सीजन-12 के विजेता एवं उत्तराखंड के ब्रांड एंबेसडर पवनदीप राजन हादसे का शिकार हो गए। उनके दो साथी भी घायल हुए हैं। तीनों को निजी अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद नोएडा के लिए रेफर कर दिया गया है। पवनदीप राजन की हालत गंभीर बताई जा रही है। उनके दोनों पैर व हाथ में फ्रैक्चर है।

उत्तराखंड के जिला एवं कस्बा चंपावत के सिलेन टॉक निवासी सिंगर पवनदीप राजन अपने साथी अजय महर व चालक राहुल सिंह के साथ रविवार की रात करीब 2:30 बजे कार में सवार होकर चंपावत से दिल्ली जा रहे थे।



गजरौला में हाईवे पर सीओ दफ्तर के सामने कट पर खड़े एक कैंटर में कार पीछे से घुस गई।

#### नोएडा में होगा ईलाज

वहां से प्राथमिक उपचार के बाद पवनदीप राजन सहित उनके साथी को नोएडा के लिए रेफर कर दिया। बता दें कि पवनदीप राजन ने इंडियन आईडल 12 जीता था और उसी के बाद उत्तराखंड सरकार ने उन्हें ब्रांड एंबेसडर घोषित किया था। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने बताया कि सिंगर की गाड़ी के चालक को झपकी आने पर यह हादसा हुआ था।

सिंगर की हालत नाजुक है। हालांकि उन्होंने किसी भी कार्रवाई से इनकार करते हुए लिखित रूप में दिया है। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## प्रतीक ग्रैंड सिटी सोसायटी में 25वें फ्लोर पर फंसे लोग

**गाजियाबाद ( चेतना मंच )।** गाजियाबाद के सिद्धार्थ विहार स्थित प्रतीक ग्रैंड सिटी सोसायटी में बीते चार दिनों से हालात बेहद गंभीर बने हुए हैं। सोसायटी में रहने वाले सैकड़ों परिवार पीने के पानी और लिफ्ट सेवा के अभाव में बुनियादी सुविधाओं के लिए जूझ रहे हैं। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक को 25 मंजिल तक सीढ़ियों से चढ़ना-उतरना पड़ रहा है। सोसायाटी में लिफ्ट बंद होने से सोसायटीवासी 25वें फ्लोर पर फंसे हुए हैं।

स्थानीय निवासियों का आरोप है कि यह स्थिति बिल्डर की लापरवाही के कारण उत्पन्न हुई है। उनका कहना है कि यदि समय रहते नाले की मरम्मत कर दी जाती, तो सोसायटी को इस प्रकार की मुसीबत का सामना नहीं करना पड़ता।



वर्तमान में न तो पीने का पानी उपलब्ध है और न ही राशन की मूलभूत आवश्यकताएं ठीक से लोगों तक पहुंच पा रही हैं।

उधर, प्रतीक बिल्डर के मीडिया प्रभारी ने कहा कि हम सभी लोगों से अपील करते हैं कि धैर्य बनाए रखें, क्योंकि काम तेजी से हो रहा है। साथ ही हम उन लोगों से भी अनुरोध करते हैं जो इस मामले से सीधे तौर पर जुड़े नहीं हैं कि वे इस घटना को राजनीतिक रंग न दें। ऐसे समय में हमें एक-दूसरे का साथ देना चाहिए, न कि मौके का फायदा उठाना चाहिए। सोसायटीवासियों में बिल्डर कोलेकर भारी नाराजगी है।

## उज्जैन के महाकाल मंदिर में लगी आग

**उज्जैन ( एजेंसी )।** मध्य प्रदेश के उज्जैन में स्थित बाबा महाकाल मंदिर में अचानक आग लग गई। सोमवार की सुबह लगभग 12 बजे मंदिर के गेट पर आग की लपटें उठीं और देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। इस घटना से पूरे मंदिर परिसर में हड़कंप मच गया।

यह घटना आज यानी सोमवार की दोपहर लगभग 12 बजे की है। महाकाल मंदिर में बने फैसिलिटी सेंटर के पास बने प्रदूषण बोर्ड का कंट्रोल रूम है। यह कंट्रोल रूम मंदिर के गेट नंबर 1 पर बना है। इसी कंट्रोल रूम में अचानक आग लग गई और कुछ ही देर में आग बड़े क्षेत्रफल में फैल गई।

## देश के विकास में कायस्थ समाज की महती भागीदारी: अनिल शास्त्री

**नोएडा ( चेतना मंच )।** कायस्थ सभा गौतमबुद्धनगर द्वारा भगवान श्री चित्रगुप्त







प्रकटोत्सव का आयोजन किया गया। इस समारोह का आयोजन ईशान म्यूजिक कॉलेज ऑडिटोरियम में पूजा अर्चना के साथ किया गया। आयोजन में पूर्व केंद्रीय मंत्री तथा देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के पुत्र अनिल शास्त्री मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलन और भगवान चित्रगुप्त के पूजन के उपरांत कार्यक्रम शुरू किया गया। सभा अध्यक्ष आर.एन. श्रीवास्तव ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया तथा कायस्थ सभा के गठन करने के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला।

महासचिव विक्रम श्रीवास्तव ने सभा की गतिविधियों के विषय में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि सभा निठारी के स्कूल में पढ़ने वाले दो बच्चों की शिक्षा के लिए एक वर्ष की फीस और पुस्तकों का खर्च वहन कर रही है। सभा परिवारों के विकास, शिक्षा और स्वास्थ्य के कार्यक्रमों में सहायता करने के लिए सदस्यों को प्रेरित किया जाता है।सभा द्वारा एक सदस्य के परिजन को गंभीर स्वास्थ्य समस्या में आर्थिक भी दी है। श्री महेश सक्सेना महासचिव नोएडा लोकमंच ने भी सभा के कार्यों की सराहना करते हुए सदैव परिवार के विकास के लिए कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

अनिल शास्त्री ने कायस्थ सभा गौतम बुद्ध नगर में बुलाने के लिए आभार प्रकट करते हुए के सभा की गतिविधियों और उद्देश्यों की प्रशंसा करते हुए कहा की कायस्थ समाज की देश के विकास में सदा भागीदारी रही है। सभा जनहित में जो भी काम कर रही है उसके लिए उनकी ओर से हर संभव सहायता और मार्गदर्शन उपलब्ध रहेगा।

इस आयोजन में श्रीमती वीना जारूहर उपाध्यक्ष, एस.एन. भटनागर संयुक्त सचिव, श्रीमती शिप्रा श्रीवास्तव, डीके श्रीवास्तव, अधीर प्रसाद, रागिनी माथुर, अरुणेंद्र श्रीवास्तव, जयश्री श्रीवास्तव, सपना भटनागर,राजीव सक्सेना, अशोक श्रीवास्तव, सुधीर श्रीवास्तव, अजीत श्रीवास्तव, संजय श्रीवास्तव समेत सैकड़ों सदस्य उपस्थित रहे। धन्यवाद प्रस्ताव राजेश श्रीवास्तव ने प्रस्तुत किया।

## नोएडा से आई आवाज, 'एक राष्ट्र एक चुनाव' हो साकार : महेश चौहान

**नोएडा ( चेतना मंच )।** 'एक राष्ट्र एक चुनाव' के निमित्त आयोजित दौड़ को ऐतिहासिक दौड़ बनाने





के लिए नोएडा में उमड़े जन सैलाब एवं नोएडा वासियों द्वारा मिले व्यापक जन समर्थन के लिए भाजपा नोएडा महानगर अध्यक्ष महेश चौहान ने सभी नोएडावासियों, एथलेटिक एसोसिएशन, खेल संस्थाएं, समस्त पत्रकार बंधुओं सामाजिक संगठनों, विद्यालयों, कॉलेजों, एनजीओ, चिकित्सक संस्थानों एवं व्यापारिक संगठनों, समस्त आर.डब्लू.ए, एओए, सभी जनप्रतिनिधियों, सभी शिक्षकों,सभी कलाकारों, व्यापारियों, किसानों, नोएडा एंटरप्रेन्योर्स एसोसिएशन, नोएडा विद्यालय एसोसिएशन, उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल, डी.डी.आर.डब्लू.ए, स्कूल वेलफेयर एसोसिएशन, फोनरवा आदि सभी संस्थानों तथा समस्त भाजपा नोएडा महानगर के देवतुल्य कार्यकर्ताओं का हार्दिक आभार व्यक्त किया।

श्री चौहान ने कहा कि पूरे देश में अब एक राष्ट्र-एक चुनाव की आवाज गूंज रही है। प्रधानमंत्री जन आवाज को साकार करके राष्ट्र को विश्व गुरू बनाने की दिशा में कारगर पहल करें।

## पहाड़ का जख्म

हिमाचल अपनी आदतें बदल रहा है, तरक्की के पहाड़ पर जख्म उगा रहा है। पर्यटक बढ़े-आगंतुक बढ़े, मगर कहीं घट गया हिमाचल का वो स्वरूप जो सुकून से लबरेज था। अब पर्यटन को छूने की आदत में प्रकृति भी कहीं मौसम में बढ़ते तापमान को छूने लगी है। हर दिन हजारों गाडि?ां और ट्रैफिक जाम में उठते धुएं ने आसमान की छतरी में छेद कर दिए, फिर भी उत्साह है कि हिमाचल को सारी दिशाओं में देखा जाए। हिमाचली जायका नहीं, अब तो हिमाचली फ्लेवर है जो पहाड़ पर मैगी की बिक्री बढ़ा देता है। इस सीजन को खरीदने की आदत है, मगर हम जो बेच रहे क्या वे सही मायने में हिमाचली व्यंजन हैं। हम रेहड़ी पर बर्गर स्टलों के पीछे किसी बाहरी व्यक्ति का श्रम देखते हैं, तो अब सुंदरनगर में बाहर से आकर लोग सिड्डू बनाने का हुनर बेच रहे हैं। आश्चर्य यह कि हिमाचली धाम की क्षेत्रीय पहचान में जिले तक अलग-अलग दिखने लगे, लेकिन वास्तविक स्वाद पर कमाई की परत चढ़ गई। बाजार में 'हिमाचली धाम' की गुणवत्ता का कोई परीक्षण या मानकीकरण नहीं। आखिर हिमाचल छोटे से पर्यटक सीजन में कितना हिमाचल दिखा पाता, अलबत्ता यहां खाने-कमाने की आदतें बदल गईं। हर बार एक नए पर्यटक सीजन में कुछ नया किया जाए, का सोच बेशक सही है, लेकिन इस दौरान किसी पर्यटक शहर की आबरू और आत्मा पर होते प्रहारों को नकारा नहीं जा सकता। पहाड़, पहाडियां और रेत-बजरी का सारा सामान हर बार पर्यटकों की आंखों में युद्ध लड़ता है। हम घायल समुद्र में नाव चला रहे, चप्पू से पूछो पानी में टूट कौन रहा। क्या हमारे पहाड़ सिर्फ पहाड़ बन कर आकर्षित नहीं करते। दरअसल हमने पर्यटन और होटल उद्योग को एक मान कर, एक ऐसी आपूर्ति होड़ शुरू कर ली, जो जम्मू-कश्मीर के पर्यटन से खंडहर में बदल जाती है। आश्चर्य यह कि जो एक बार कश्मीर घूम आता, उसे हिमाचल का आकर्षण कमतर आता। हमारे पास भी तो सदियों से डलहौजी व जंजैहली जैसे कई ऐसे स्थान हैं, जहां हर आंख ठहर सकती है, लेकिन ईंट-हथौड़े और सीमेंट-सरिये ने तो सांगला वैली के आकर्षण की भी ईंट से ईंट बजा दी। कांगड़ा में ही चाय बागानों के मार्फत बढ़ते पर्यटन को प्रकृति की विस्तारित रूह से मिलाने के लिए टी टूरिज्म ट्रैक बनाने होंगे। कुछ साल पहले जोगिंद्रनगर के हर्बल संस्थान के हर्बल ट्रैक विकसित करने के मंसूबे पैदा किए, लेकिन न रंग चढ़ा और न ही नूर आया, क्योंकि हम सरकारी संस्कृति से पर्यटन को चमकाना चाहते हैं। बिलासपुर को पर्यटन की किश्ती पर सवार करने वाले पूर्व जिलाधीश आबिद हुसैन सादिक के मॉडल को अपनाएं तो वाटर टूरिज्म के साथ-साथ बांध परियोजनाओं के विस्थापन को भी पर्यटन के टापू पर खड़ा कर सकते हैं। बिलासपुर के डूबे मंदिर, पौंग डैम में रैंसर की गढ़ी और बाथू की लड़ी को अगर हम प्राथमिकता दें, तो पर्यटन आगमन के रास्ते और ठहराव बदल जाएंगे। पालमपुर और सोलन विश्वविद्यालयों के सान्निध्य में पर्यटन के त्योहार खेत और बागीचे तक पहुंच सकते हैं। हमारे पास जम्मू-कश्मीर या किसी भी अन्य राज्य से पर्यटन की सबसे अधिक विविधता है, लेकिन कोई बताए पुराना कांगड़ा और सुजानपुर के किले, मसरूर मंदिर या चंबा की ऐतिहासिक धरोहर को सजाने में हमने क्या किया। क्या एचआरटीसी से पूछें कि उसने पर्यटक को हिमाचल की मंजिल में लाने को क्या किया। बेशक एक सीजन की रेत पर अपने पर्यटन विकास की रेत के महल बनाने का जोर शोर से प्रयास जारी है, मगर पर्यटन की समग्रता में होटल व्यवसायी- टैक्सी मालिक, टूअर आपरेटर, व्यापार मंडल और बस मालिक क्या कर रहे। हिमाचली लोक कला के संगम और मंदिर परिसरों की कलात्मक और दैवीय शक्ति व श्रद्धा को हमने पर्यटन का सहयोगी माना। पर्यटन के विकास में हम बतौर नागरिक, व्यवसायी, परिवहन सुविधाओं, होटल इकाइयों, टैक्सी व बस आपरेशन तथा रेस्तरां-ढाबों के मालिक तो बन जाते, लेकिन समूचे पर्यटन के स्वामी कब बनेंगे। हम बिगड़ैल टैक्सियों-ढाबों और नकारात्मक व्यापार की छवि में कब तक इस हुजूम को ढो पाएंगे। कश्मीर पर्यटन पर आतंकी हमले के बाद वहां के अवाम की संवेदना को समझें, तो पता चलेगा कि आर्थिकी को पर्यटन की आदत लगाने और उसे बरकरार रखने में मानवीय मूल्यों, व्यवस्था के चरित्र, कानून-व्यवस्था की चौकसी और राज्य की छवि को बचाने के लिए कितना तड़पना पड़ता है।

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि दिग्विजय के लिए सेना सजाकर वह राजा शुभ दिन (मुहूर्त) साधकर और डंका बजाकर चला। जहाँ-तहाँ बहुतसी लड़ाइयाँ हुईं। उसने सब राजाओं को बलपूर्वक जीत लिया॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**सप्त दीप भुजबल बस कीन्हे। लै लै दंड छाड़ि नृप दीन्हे॥**
**सकल अवनि मंडल तेहि काला। एक प्रतापभानु महिपाला॥**

अपनी भुजाओं के बल से उसने सातों द्वीपों (भूमिखण्डों) को वश में कर लिया और राजाओं से दंड (कर) ले-लेकर उन्हें छोड़ दिया। सम्पूर्ण पृथ्वी मंडल का उस समय प्रतापभानु ही एकमात्र (चक्रवर्ती) राजा था॥

**दो0- स्वबस बिस्व करि बाहुबल निज पुर कीन्ह प्रबेसु।**
**अरथ धरम कामादि सुख सेवइ समयँ नरेसु॥**

संसारभर को अपनी भुजाओं के बल से वश में करके राजा ने अपने नगर में प्रवेश किया। राजा अर्थ, धर्म और काम आदि के सुखों का समयानुसार सेवन करता था॥

**भूप प्रतापभानु बल पाई। कामधेनु भै भूमि सुहाई॥**
**सब दुख बरजित प्रजा सुखारी। धरमसील सुंदर नर नारी॥**

राजा प्रतापभानु का बल पाकर भूमि सुंदर कामधेनु (मनचाही वस्तु देने वाली) हो गई। (उनके राज्य में) प्रजा सब (प्रकार के) दुःखों से रहित और सुखी थी और सभी स्त्री-पुरुष सुंदर और धर्मात्मा थे॥ (क्रमशः...)

# भारत ने पाकिस्तान को आर्थिक घेराबंदी कर तगड़ा झटका दिया

वैश्विक स्तर पर जिस तरह पहलगाम घटना पर भारत को समर्थन व सहानुभूति तथा आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में साथ मिल रहा है, तो मेरा मानना है कि उसे रणनीतिक स्ट्रेटजेसी बनाना बेहतरविकल्प हो सकता है,जो हम वर्तमान में देख रहे हैं।पहले सिंधु जल समझौता वीजा बंद, एंट्री बंद, एयर स्पेस बंद, वाघा बॉर्डर बंद सहित कई कदमों के बाद अब दिनांक 2 मई 2025 सेपाकिस्तान से आयात- निर्यात पर पाबंदी, बंदरगाहों में नो एंट्री, डाक पार्सल सेवाएं निलंबित,अनेक पाबंदियो सहित कुछ और तगड़े झटके दिए गए हैं, जो सटीक रणनीति का हिस्सा हो सकता है। यानें पाक को अनेकों तरफ़ों से घेर कर अंतरराष्ट्रीय समर्थन व उन्हें विश्वास में लेकर फिर सर्जिकल स्ट्राइक, तीनों अंगों की कार्रवाई से पाक को पटकनीं देना अधिक बेहतर होगा भारत में बड़े बुजुर्गों का भी कहना है पतंग को आसमान में काटना है तो धागे मजे को पहले डील दो फिर टाइट कर खींचे तो पेच लड़ाने वाले की पतंग झट से कट जाएगी बड़े बुजुर्गों की एक और बात याद आती है कि दुश्मन को सटीक पूरी तरह जमींदार रोज करना है तो पहले उसकी जड़े काटो तो उसे धराशाही करने में समय नहीं लगेगा ठीक वैसे ही रणनीति भारत की चल रही है, यानें मेरा मानना है कि इस बीच भारत की संभावित रणनीति के अनुसार अपराध को अंजाम देने में अपराधियों के समर्थकों, योजनाकारों, आकाओं के खिलाफ भी रणनीति बनाकर उन्हें बिल से बाहर निकालने की कोशिश में है। चूँकि आतंकवाद मानवता के लिए सबसे बड़ा खतरा है, अपराधियों समर्थकों योजनाकारों के खिलाफ कड़ी व निर्णयात्मक कार्रवाई की प्रतिबद्धता को क्रियान्वयन करने का उचित असम आ गया है, तथा पाक पर राजनीति से आर्थिक सामाजिक, अर्थव्यवस्था हमला, अंतरराष्ट्रीय थूथूर रूपी हमले के बाद सर्जिकल स्ट्राइक सेना के तीनों अंगों की कार्रवाई एक बेहतर विकल्प हो सकता है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे भारत नें पाकिस्तान पर आर्थिक घेराबंदी कर तगड़ा झटका दिया, भारत आयात निर्यात पाबंदी, बंदरगाहों में नो एंट्री, डाक पार्सल सेवाएं निलंबित।

साथियों बात अगर हम भारत द्वारा पाक को तगड़ा आर्थिक झटका देने की करें तो, वाणिज्य मंत्रालय की अधिसूचना के अनुसार, भारत ने पाकिस्तान से सभी वस्तुओं के डायरेक्ट या इनडायरेक्ट आयात पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया है, विदेश व्यापार नीति 2023 में इस संबंध में एक प्रावधान जोड़ा गया है, जिसमें कहा गया है कि अगले आदेश तक तत्काल प्रभाव से पाकिस्तान से आने वाले या निर्यात किए जाने वाले सभी सामानों के डायरेक्ट या इनडायरेक्ट आयात पर प्रतिबंध लगाया जा रहा है। यह 2 मई की अधिसूचना में जानकारी दी गई है,जो भारत ने पाकिस्तान को एक और तगड़ा झटका दिया है। पहलगाम हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान को




घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया है, भारत ने जैसे ही सिंधु जल संधि रद्द किया तो पहले उनके नेताओं ने जमकर गीदड़भभकी दी, मगर, बात नहीं बनी तो पश्चिमी देशों के शरण में पहुंचे और फिर भी बात नहीं बनी तो यूएन में इसका मुद्दा उठाया है, संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत ने इसे वैश्विक शांति और स्थिरता के लिए खतरा बताया है, साथ ही उन्होंने भारत के खिलाफ गीदड़भभकी भी दी, पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान को हर तरफ से घेरने की तैयारी चल रही है, न केवल अटैक से बल्कि कूटनीति से भी पाकिस्तान का हुक्का-पानी बंद करने की तैयारी चल रहा है, इसी क्रम में विदेश मंत्री ने शुक्रवार को यूरोपीय संघ के अपने समकक्ष से बात की, उन्होंने पहलगाम पाकिस्तानी आतंकियों की हिंदुओं के खिलाफ बर्बरता की जानकारी दी, यूरोपीय संघ ने नई दिल्ली और इस्लामाबाद से 'संयम' दिखाने की बात कही। साथ ही, पाकिस्तान के खिलाफ भारत की संभावित जवाबी कार्रवाई के बारे में अटकलों के बीच तनाव को कम करने के लिए बातचीत का रास्ता अपनाने पर जोर दिया, यूरोपिय संघ की प्रतिक्रिया अमेरिकी विदेश मंत्री द्वारा दोनों देशों से पहलगाम आतंकी हमले को लेकर तनाव कम करने के लिए मिलकर काम करने का आग्रह करने के दो दिन बाद आया है। बता दें बंदरगाह पर पाकिस्?तानी जहाजों को भी किया बैन वहीं एक और आदेश में मर्चेंट शिपिंग एक्ट, 1958 की धारा 411 के तहत एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, भारत सरकार के शिपिंग महानिदेशालय ने पाकिस्तान के झंडे वाले जहाजों को किसी भी भारतीय बंदरगाह पर जाने से प्रतिबंधित करने का आदेश दिया है, इसके साथ ही, भारतीय झंडे वाले जहाजों को पाकिस्तान के किसी भी बंदरगाह पर जाने से प्रतिबंधित कर दिया गया है। राष्ट्रीय हित में और भारतीय समुद्री संपत्तियों और बुनियादी ढांचे की सुरक्षा के लिए जारी यह निर्देश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है और अगली सूचना तक लागू रहेगा, इस आदेश का उद्देश्य मौजूदा भू-राजनीतिक परिस्थितियों के बीच समुद्री सुरक्षा को मजबूत करना हैं। दूसरी ओर,पाकिस्?तान से अब कोई भी चिट्ठी भारत नहीं आ पाएगी, सरकार ने पाक पर एक और वार किया है, जिसका बड़ा असर देखने को मिल सकता है, भारत सरकार ने पाकिस्तान से आने वाली सभी श्रेणियों की इनबाउंड डाक और पार्सल सेवाओं को फिलहाल के लिए निलंबित करने का बड़ा फैसला लिया है, ये निलंबन हवाई और ज़मीनी दोनों मार्गों से लागू होगा।यानें अब पाकिस्तान से कोई भी चिट्ठी, पार्सल या कोरियर भारत नहीं भेजा जा सकेगा चाहे वो एयर रूट हो या सरफेस रूट से हो।

साथियों बात अगर हम भारत- पाकिस्तान द्वारा आपस में आयात निर्यात व्यवहार को समझने की करें तो, भारत से क्या-क्या चीजें जाती थीं पाकिस्तान? दोनों देशों के बीच व्यापार प्रतिबंध होने से पहले भारत मुख्य रूप से कपास, केमिकल, फूड प्रोडक्ट्स, दवाइयां और मसाले निर्यात करता था,इसके अलावा, चाय, कॉफी, रंग, प्याज, टमाटर, लोहा, इस्पात, चीनी, नमक और ऑटो पार्ट्स जैसी चीजें भी तीसरे देशों के माध?यम से भेजता था, पाकिस्तान से भारत क्या आता था? पहले सीमेंट, जिप्सम फल, तांबा,और नमक जैसे उत्पाद आयात होते थे, पाकिस्तान क्या भेजता है भारत? भारत पाकिस्तान से कई चीजें आयात करता है। इसमें ड्राई फ्रूट्स, तरबूज और अन्य फल, सीमेंट, सेंधा नमक, पत्थर, चूना, मुल्तानी मिट्टी, चश्मों का ऑप्टिकल्स, कॉटन, स्टील, कार्बनिक केमिकल्स, चमड़े का सामान आदि शामिल हैं। पाकिस्तान से आयात बैन होने के कारण अब वहां से न तो ड्राई फ्रूट्स आएंगे और न सेंधा नमक। भारत में सेंधा नमक का इस्तेमाल व्रत के समय काफी मात्रा में किया जाता है। लेकिन 2019 के बाद आयात लगभग शून्य हो गया, 2024 में पाकिस्तान से भारत का आयात मात्र 48 लाख डॉलर रहा, यह सिर्फ जरूरी चीजें जैसे सेंधा नमक और मुल्तानी मिट्टी ही मंगाता था,अब यह भी पूरी तरह से बंद होजाएगा भारत-पाकिस्तान के बीच डायरेक्ट ट्रेड पुलवामा अटैक से पहले 2008 -2018 के बीच जम्मू-कश्मीर में एलओसी के पार लगभग 7,500 करोड़ रुपये का व्यापार हुआ था, जिससे 1.7 लाख दिनों और 66.4 करोड़ रुपये का रेवेन्यू जनरेट हुए. हालांकि, 2019 में भारत ने इस मार्ग को भी बंद कर दिया, क्योंकि खुफिया रिपोर्टों में अवैध हथियार, जाली नोट और नशीले चीजों की तस्करी की आशंका जताई गई थी। साल 2024 में इनडायरेक्ट ट्रेड 2024 में दोनों देशों के बीच,इनडायरेक्ट ट्रेड 1.21 अरब डॉलर (लगभग 10,000 करोड़ रुपये) से अधिक रहा, जो 2018 के 2.35 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर से कम है। भारत का एक्सपोर्ट ज?यादा रहा है, जबकि पाकिस्तान से आयात ना के बराबर है। भारत और पाकिस्तान के बीच व्यापार पर पूरी तरह बैन लग गया है। दोनों देश अब एक-दूसरे के साथ किसी भी तरह का व्यापार नहीं होगा।

साथियों बात अगर हम पहलगाम मुद्दे पर राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय मुलाकातों के अपडेट ही करें तो भारत- पाकिस्तान में जारी तनाव को लेकर विदेश मंत्री ने शनिवार को अपने रूसी समकक्ष से बात की दोनों नेताओं ने रूस-भारत सहयोग के सामयिक मुद्दों पर भी चर्चा की। 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद दोनों देशों में जंग की नौबत आ गई है,भारतने इस हमले के लिए पाकिस्तान को जिम्मेदार ठहराया है, लेकिन इस्लामाबाद ने साफ इनकार कर दिया और इस संबंध में भारत से सबूत मांगे हैं। अत: अगर हम उपयोग पूरे विवरण का अध्ययन करें इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे किभारत नें पाकिस्तान को आर्थिक घेराबंदी कर तगड़ा झटका दिया-आयात निर्यात पाबंदी, बंदरगाहों में नो एंट्री डाक पार्सल सेवाएं निलंबित।पाक पर रणनीति से आर्थिक, सामाजिक, अंतर्राष्ट्रीय थू थू रूपी हमले के बाद सर्जिकल स्ट्राइक व सेना के तीनों अंगों की कार्यवाही एक बेहतर विकल्प हो सकता है?आतंकवाद मानवता के लिए सबसे बड़ा खतरा- अपराधियों, समर्थकों, योजनाकारों के खिलाफ कठोर निर्यात्मक कार्रवाई की प्रतिबद्धता को क्रियान्वयन का उचित समय आया।

**- एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी**

# चाय, चमचा और चुटकी नमक (व्यंग्य)

कहते हैं कि अगर आपकी चाय में नमक पड़ जाए तो या तो आप बहुत बड़े नेता बनने वाले हैं, या फिर किसी ने आपके जीवन की मिठास में सेंध लगा दी है। मेरे मोहल्ले के शशिकांत जी ने दोनों कर डाले- नेता भी बन गए और मोहल्ले की बहुओं की आँखों से गंगाजल भी बहवा दिया। वो जब सुबह-सुबह अपनी बीवी को 'गुड मॉर्निंग' कहते थे तो बीवी नमकदानी फेंक देती थी- 'तुमसे तो गुडनाइट ही बेहतर है।' मोहल्ले में कोई मरता, तो शशिकांत जी सांत्वना देने से पहले पूछते, 'मौत अचानक हुई या रूटीन की?' उनके चेहरे पर हमेशा एक स्थायी व्यंग्य होता- मानो जिंदगी को उन्होंने ईएमआई पर ले रखा हो।

पिछले महीने उन्होंने समाज सेवा का नया स्टार्टअप खोला- 'चाय विद चुटकी'। उद्देश्य था- 'एक कप में समाज की सारी समस्याओं को घोलना और फिर उसे गर्मागरम परोस देना।' लेकिन पहले ही दिन समस्या घुल नहीं पाई, चाय में नमक घुल गया। वो चाय पीने वालों से बोले, 'भाइयों और बहनों, यह चाय नहीं, व्यवस्था का घड़ा है- पी जाओ, तभी तो सुधार होगा।' लोगों ने पिया... और उल्टी भी की। पर शशिकांत जी मुस्कराए- 'क्रांति ऐसे ही होती है।'

> **घर में शशिकांत जी के बच्चे उन्हें 'पापा' नहीं, 'पब्लिक स्पीकर' कहते थे। जब भी उनकी बेटी उनसे नए जूते मांगती, वो कहते- 'बेटी, असली सुंदरता आत्मा की होती है, पैर की नहीं।' बेटे ने एक बार कहा, 'पापा, स्कूल में सब मेरा मज़ाक उड़ाते हैं।'**

हर मोहल्ले में एक चमचा होता है। पर शशिकांत जी के यहाँ तो चमचों की पूरी पंचायत थी-रामलाल, जमुना प्रसाद, और विमलेश। ये लोग हर बात पर ताली बजाते- 'वाह साहब! आपने तो गधे को भी घोड़ा बना



दिया!' शशिकांत जी मुस्कराते, 'सही पकड़े हैं।' उन्होंने हर समस्या का हल चाय में ढूंढा- बेरोजगारी? एक चाय दो, नौकरी लग जाएगी। गड्ढों वाली सड़क? चाय पर चर्चा कर लो, सड़क तो न बदलेगी, मन जरूर बदल जाएगा। एक बार तो उन्होंने कहा - 'जीडीपी गिर रही है? कोई बात नहीं, कप तो उठ रहा है न?' और पूरा मोहल्ला हँसते-हँसते रो पड़ा।

घर में शशिकांत जी के बच्चे उन्हें 'पापा' नहीं, 'पब्लिक स्पीकर' कहते थे। जब भी उनकी बेटी उनसे नए जूते मांगती, वो कहते- 'बेटी, असली सुंदरता आत्मा की होती है, पैर की नहीं।' बेटे ने एक बार कहा, 'पापा, स्कूल में सब मेरा मज़ाक उड़ाते हैं।' जवाब मिला- 'तो क्या हुआ? मैं भी नेता बना हूं, मेरा भी मज़ाक उड़ता है, फिर भी जनता मुझे वोट देती है।' घर की रसोई में नमक खत्म हो जाए, तो शशिकांत जी कहते- 'चलो बेटा, समाज को सुधारने चले चलते हैं, वापसी में नमक भी ले आएंगे।'

उनकी पत्नी गीता देवी: अब तक तो भगवद्गीता की भी सारी शिक्षाएँ भूल चुकी थीं। कहती थीं, 'जैसे कृष्ण ने अर्जुन को समझाया, वैसे ही मैं भी हर रोज इन्हें समझाती हूं- लेकिन ये महाभारत तो क्या, महाअव्यवस्था रचकर ही दम लेते हैं।' एक दिन गीता देवी ने गुस्से में कहा, 'अब बस! या तो तुम, या चाय की दुकान।' शशिकांत जी बोले- 'तो फिर मैं चाय को चुनता हूं।' और मोहल्ले में पहली बार तालियाँ नहीं, सिसकियाँ सुनाई दीं।

उनकी दुकान पर रोज़ नए-नए नारे लगते- 'देश बदलेगा, जब चाय उबलेगा!' लेकिन धीरे-धीरे उनकी चाय में न नशा रहा, न चर्चा। ग्राहक कम हुए, और व्यंग्य ज्यादा। लोग कहते- 'शशिकांत जी की चाय पीने से पेट तो नहीं भरता, पर दुख जरूर उबल जाता है।' एक दिन एक बूढ़ी अम्मा आईं, चाय पी और बोलीं- 'बेटा, यह चाय नहीं, यह तो मेरी बुढ़ापे की दवा बन गई है।' और वहीं कुर्सी पर बैठकर रो पड़ीं। शशिकांत जी ने उन्हें देखा और पहली बार उनकी आँखों में व्यंग्य नहीं, पानी था।

समाज सुधारते-सुधारते शशिकांत जी अब खुद समाज की चाय बन चुके थे- जिसे कोई पीता नहीं, सिर्फ छोड़ देता है। एक दिन दुकान बंद मिली। दरवाज़े पर लिखा था- 'अब न चाय बचेगी, न चुटकी नमक। समाज में सब कुछ नमकीन है, पर दिल अब बेस्वाद हो चुका है।' मोहल्ला ठहरा, लोग ठिठके- और पहली बार, उनकी गैर-मौजूदगी में शोर नहीं, सन्नाटा था।

शशिकांत जी अब नहीं हैं। कहते हैं, अंतिम समय में उन्होंने कहा- 'मेरी अस्थियाँ किसी सरकारी गड्ढे में बहा देना... कम से कम वहाँ कुछ भराव तो होगा।' मोहल्ले में उनकी याद में एक पत्थर रखा गया - उस पर लिखा है - 'यहाँ वो आदमी बैठता था, जो समाज को चाय के प्याले में घोलकर पी जाना चाहता था।'

हर शाम अब वहाँ लोग चुपचाप बैठते हैं- बिना चाय, बिना नमक- पर आँखों में नमी, और दिल में 'उरतृप्त' पीड़ा लिए हुए।

- डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त',

# राशिफल

**वैशाख शुक्ल पक्ष अष्टमी** | **(विक्रम संवत् 2082)**

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
रोजाना मेडिटेशन करना आपके लिए अच्छा रहेगा। कुछ लोगों के वेतन या पॉकेट मनी में बढ़ोतरी मिलने के संकेत हैं।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
आज आपको पढ़ाई या जरूरी प्रोजेक्ट को प्राथमिकता देने की सलह दी जाती है।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
आज निवेश का कोई लाभदायक अवसर आपके सामने आ सकता है। सोच समझकर और सलह के साथ ही आगे बढ़ें।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
आज आपका साथी कोई पुराना मुद्दा उठा सकता है, जिससे जीवन में परेशानी बढ़ सकती है।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
आज किसी शुभ समाचार से परिवार में खुशियां आएंगी। कुछ लोगों के लिए ट्रिप पर जाने के योग हैं।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
आज कुछ लोगों को अपनी मेहनत के लिए तारीफ मिल सकती है। अपने रिश्ते को मजबूत करने के लिए आज ही कदम उठाएं।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
आज पुराने निवेश से लाभ मिल सकता है। ऑफिस के दौरान सभी जरूरी रूल्स का पालन करें।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
आज टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में काम कर रहे लोगों के लिए बेहतरीन अवसर नजर आ रहे हैं।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
किसी शादी या महत्वपूर्ण इवेंट में शामिल होने के लिए विदेश यात्रा का योग बन रहा है।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
पैसों की प्रॉब्लम होने पर कोई दोस्त आपकी आर्थिक सहायता कर सकता है।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
आज जिसे आप पसंद करते हैं, उससे बात करने की आपकी कोशिश पूरी हो सकती है।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
मौज-मस्ती भरी छुट्टियों पर कुछ जातकों का पैसा खर्च हो सकता है। डॉक्टर, वकील व बिजनेस करने वालों आज अच्छा प्रॉफिट हो सकता है।

# 'एक राष्ट्र-एक चुनाव' देश की आवश्यकता : विकास जैन





**नोएडा ( चेतना मंच )।** उत्तर प्रदेश एथलीट एसोसिएशन द्वारा रविवार को सेक्टर-21ए स्थित नोएडा स्टेडियम में 'एक राष्ट्र-एक चुनाव' अभियान के तहत आयोजित दौड़ प्रतियोगिता के दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष विकास जैन ने कहा कि एक राष्ट्र-एक चुनाव आज के भारत की आवश्यकता है।

यह भारत के विकास कि धुरी साबित होगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान में यह समय की मांग है कि हम एक राष्ट्र-एक चुनाव के जरिये भारत को विश्व पटल पर अग्रणी भूमिका में लेकर आएं।

विकास जैन ने कहा कि एक साथ पूरे देश में चुनाव होने से चुनावों पर खर्च होने वाली राशि को देश के विकास में लगाया जा सकता है। उन्होंने प्रधानमंत्री द्वारा चुनावी प्रणाली में किये जा रहे सुधार के प्रयासों की प्रशंसा की।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुनील बंसल ने उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल के कार्यों की सराहना की और कहा कि देश का युवा ही आगे आकर एक राष्ट्र एक चुनाव के लिए अभियान चला सकता है।

इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष निखिल अग्रवाल, प्रवीन गर्ग, प्रदेश कोषाध्यक्ष अंकुर बंसल, प्रदेश मंत्री अमित गोयल, राखी गोयल, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष वंदना गुप्ता, उद्योग प्रकोष्ठ के अध्यक्ष शक्तिसिंह, अमित कुमार, चारु जैन निमित्त कुमार सहित अन्य उपस्थित रहे।

# ग्रामीणों ने रोका रेलवे का कार्य



**दादरी।** दिल्ली हावड़ा रेलवे लाइन पर गांव पल्ला के समीप बन रहे रेलवे अंडरपास के निर्माण कार्य को पल्ला निवासी ग्रामीणों ने रोक दिया। ग्रामीणों का कहना है कि ग्रामीणों की समस्या और मांगों को दरकिनार करते हुए इस अंडरपास का निर्माण किया जा रहा है।

यह जानकारी देते हुए गांव पल्ला के प्रधान इंद्र प्रधान ने बताया कि पानी निकासी के लिए कोई उचित व्यवस्था नहीं की गई है, अंडरपास को गांव के मुख्य मार्ग से नहीं जोड़ा गया है और जिस मार्ग से अंडरपास को जोड़ा गया है वह काफी छोटा है। ग्रामीणों को इस अंडरपास का पूरा लाभ नहीं मिल पाएगा और उनकी समस्या जस की तस बनी रहेगी।

इस अवसर ग्रामीणों ने तीन सूत्रीय मांग को लेकर एक पत्र उत्तर मध्य रेलवे महाप्रबंधक को लिखकर समस्या का शीघ्र निस्तारण करने की मांग की है और चेतावनी दी कि जब तक ग्रामीणों की समस्या हल नहीं हो जाती है, तब तक अंडरपास का काम शुरू नहीं होने दिया जाएगा।

इस मौके पर मुख्य रूप से विशाल भाटी, विनोद मास्टर, दयाचंद, रमेश, कुलदीप भाटी, राजन, वीरू प्रधान, विनोद, चेनपाल, राजू, वीरेंद्र, संजय सिंह, आदि मौजूद रहे।

# एडवां दिल्ली कमेटी का सम्मेलन हुआ सम्पन्न



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति दिल्ली एनसीआर राज्य कमेटी का 15वां वार्षिक राज्य सम्मेलन कॉमरेड मैमूना मौला, सोनिया वर्मा, साहिब फारूकी, अंजू की अध्यक्षता में सुरजीत भवन नई दिल्ली में संपन्न हुआ।

सम्मेलन में नई राज्य कमेटी का चुनाव किया गया, जिसमें कविता शर्मा सचिव, आशा यादव अध्यक्ष, रेनू शर्मा कोषाध्यक्ष सहित 39 सदस्य राज्य कमेटी का चुनाव किया गया।

सम्मेलन में आशा शर्मा द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट पर दर्जनों महिला डेलीगेट साथियों ने अपने विचार व सुझाव रखे तथा कई जन मुद्दों/समस्याओं पर संघर्षों को तेज करने के प्रस्ताव पारित किए गए। सम्मेलन में आए सुझावों को जोड़ते हुए प्रस्तुत रिपोर्ट सर्वसम्मति से पास की गई।

सम्मेलन में झंडा रोहण कॉमरेड इन्दू अग्निहोत्री व उद्घाटन भाषण कामरेड पी के श्रीमती और समापन भाषण कामरेड मरियम धवले ने रखा।

# 'एक राष्ट्र एक चुनाव' देश की प्रगति का मार्ग : द्विवेदी

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** 'एक राष्ट्र एक चुनाव' को लेकर आईटीएस इंजीनियरिंग कॉलेज एवं अटल फाउंडेशन के द्वारा आईटीएस इंजीनियरिंग कॉलेज नॉलेज पार्क ग्रेटर नोएडा में प्रबुद्ध समागम सम्मेलन आयोजित किया गया जिसमे शिक्षा चिकित्सा पत्रकार अधिवक्ता इंजीनियर महिला व सामाजिक संगठनों के व्यक्ति बड़ी संख्या में उपस्थित रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत्त एयर कमांडर पुष्पेंद्र कुमार ने की।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता असम प्रदेश के प्रभारी पूर्व सांसद हरीश द्विवेदी व विशिष्ट अतिथि दादरी विधायक मास्टर तेजपाल नागर रहे। कार्यक्रम का संचालन ज़िला महामंत्री दीपक भारद्वाज ने किया।

वन नेशन वन चुनाव कार्यक्रम को संबोधित करते हुए असम प्रभारी हरीश द्विवेदी ने कहा कि वन नेशन वन चुनाव से देश प्रगति के मार्ग पर और तीव्र गति से विकास कार्य होंगे एक चुनाव से देश के चुनाव पर संसाधन का खर्च कम होगा देश में पंचवर्षीय योजनाओं के लिये सरकारों का चुनाव आयोग के द्वारा चुनाव संहिता लगने से विकास कार्य बाधित होते है एक




चुनाव से देश का अरबों रुपया बचेगा वो पैसा देश की जनता के काम आयेगा और देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विकसित भारत का संकल्प पूरा होगा।

दादरी विधायक मास्टर तेजपाल नागर ने कहा कि वन नेशन वन इलेक्शन मतलब एक राष्ट्र एक चुनाव पर हम सब यहाँ सभी प्रबुद्ध जन एकत्रित हुए हैं देश की आज़ादी से अब तक देश में लगभग 400 बार चुनाव हुए है बार बार चुनाव से प्रशासनिक से आचार संहिता लगाई जाती है जिससे विकास कार्य बाधित होते हैं यदि पूरे देश में एक साथ चुनाव होंगे तो न केवल संसाधनों की बचत होगी बल्कि नीति निर्माण मैं स्थिरता आएगी और राष्ट्र की एकता को भी बल मिलेगा जिससे हम विकसित भारत बनने के दो कदम और बढ़ेंगे।

जिलाध्यक्ष अभिषेक शर्मा ने कहा देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का एक एक विचार देश के विकास के लिये है उनमे से एक राष्ट एक चुनाव हो उसके लिये लोगों के बीच जन जागरण चलाकर बताया जा रहा है एक राष्ट्र एक चुनाव प्रशासनिक सुधार है जिससे एक ही समय में चुनाव होंगे तो उनसे चुनावों मे संसाधनों के लिये अरबों खरबों रुपये की बचत व समय दोनों की बचत होगी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पुष्पेंद्र कुमार ने कहा कि वन नेशन वन इलेक्शन न केवल विकसित सक्षम और सशक्त भारत की प्रशासनिक सुधार की दिशा में एक ऐतिहासिक है कदम है।

इस अवसर पर मुख्य रूप से वन नेशन वन इलेक्शन प्रदेश कार्यक्रम संयोजक अभिषेक कौशिक युवा मोर्चा क्षेत्रीय अध्यक्ष सुखविंदर सोम वरिष्ठ नेता बीजेन्द्र भाटी सुभास भाटी जिला महामंत्री दीपक भारद्वाज धर्मेन्द्र कोरी मनोज गर्ग सतेन्द्र नागर पवन रावल पवन नागर कार्यक्रम संयोजक आनन्द भाटी मीडिया प्रभारी कर्मवीर आर्य रवि जिन्दल विजय रावल हरेन्द्र नागर विमल पुंडीर ज़िला मंत्री गुरुदेव भाटी अमित पंडित विकास चौधरी सतीश गुलिया पंकज रावल महेश शर्मा अर्पित तिवारी अर्पणा त्रिपाठी संगीता रावल राज नागर रामकुमार नागर दिनेश भाटी मनोज भाटी मनोज प्रधान राज़ीव सिंघल संजय भाटी सुनील रावत रणधीर राणा संगीता रावल मुकेश चौहान सुनील भाटी ओमकार भाटी अशोक रावल पंकज शर्मा नवीन भाटी डॉक्टर संगीता रावल आदि दर्जनों शिक्षण संस्थान बार काउंसलिंग डॉक्टर इंजीनियर पत्रकार व सामाजिक संगठनों के सैकडों लोगों ने एक राष्ट एक चुनाव प्रबुद्ध जन कार्यक्रम में है भाग लिया।

# एक बार चुनाव जनता पर बोझा : दीपक मिश्रा

**भदोही ( ब्यूरो )।** एक राष्ट्र एक चुनाव के अंतर्गत जिला पंचायत सभागार में एनजीओ सामाजिक संगठन की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई बैठक में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी विशिष्ट अतिथि जिला अध्यक्ष दीपक मिश्रा संयोजक प्रेम शंकर तिवारी जिला समन्वयक गोवर्धन राय उपस्थित रहे।



मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरूध त्रिपाठी ने कहा एक राष्ट एक चुनाव से देश के अंदर होने वाले बार-बार चुनाव से जनता के ऊपर अधिक बोझ पड़ता है। इसमें सरकार को भी राहत मिलेगी प्रशासन को भी राहत मिलेगी तमाम सारी विषय की जानकारी ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र की सरकार बिल को पास करवाने के लिए आम जनता जनमानस के बीच में प्रस्ताव भेजकर आप सभी की सहमति के आधार पर इस बिल को पास किया जाएगा इससे होने वाले चुनाव में सभी को राहत मिलेगी।

उन्होंने कहा कि विपक्षी पार्टी सपा बसपा कांग्रेस जनता के खिलाफ काम किया इनका शोषण किया इनका खून चूसने का काम किया लेकिन भाजपा की सरकार ने इतिहास में कई ऐसे ऐतिहासिक फैसले लिए गए जिनको विपक्ष के लोग लोहा मानते हैं।

जिला अध्यक्ष दीपक मिश्रा ने मुख्य अतिथि का आभार जताया ।

जिला समन्वयक गोवर्धन राय ने एक राष्ट एक चुनाव के प्रति सरकार की प्रशंसा करते हुए जनता के बीच में प्रस्ताव पारित कर राष्टपति द्रोपति मुर्मू को प्रेषित किया जाएगा।

बैठक में उपस्थित घनश्याम दास गुप्ता शेषनारायण पाठक प्रवीण सिंह हरिओम सिंह श्रीनिवास चतुर्थी जय कुमार सिंह सुशील मिश्रा काउ गुरु दीपक तिवारी सतीश पांडेय मनीष पांडेय चंद्रशेखर सिंह राजेंद्र पाल बघेल दिलीप दुबे आलोक मिश्रा लालमणी तिवारी भारत राज सिंह अभय राज सिंह सीमा उपाध्याय वंदना दुबे संगीता खन्ना सप्तशती गुप्ता आनंद शुक्ला और तमाम सम्मानित एनजीओ सामाजिक संगठन के लोग उपस्थित रहे।

# गुर्जर समाज 10 मई को मनाएगा क्रांति दिवस

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** अखिल भारतीय गुर्जर महासभा भारतीय गुर्जर महासभा के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रवीर सिंह नागर, राष्ट्रीय



प्रवक्ता एवं प्रचार मंत्री डॉ मनोज कटारिया, वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष सुखबीर सिंह आर्य, प्रदेश संगठन महामंत्री अमरजीत चौधरी, प्रदेश महामंत्री एवं मीडिया प्रभारी चेनपाल प्रधान, प्रदेश प्रवक्ता प्रोफेसर बीएस रावत, जिला अध्यक्ष गौतमबुद्धनगर कैप्टन पंचशील गुर्जर एवं क्षेत्र और समाज के कनिष्ठ और वरिष्ठ बुजुर्ग मातृशक्ति और युवा साथी सम्मिलित हुए।

आगामी 10 मई को धन सिंह कोतवाल का क्रांति दिवस मनाएगी। दादरी विधानसभा क्षेत्र के फूलपुर गांव में कोतवाल धन सिंह गुर्जर के संघर्ष एवं क्रांति दिवस के उपलक्ष में संगोष्ठी का कार्यक्रम हुआ।

कार्यक्रम में फूलपुर निवासी सरपंच प्रदीप तोंगड को अखिल भारतीय गुर्जर महासभा उत्तर प्रदेश का प्रदेश मंत्री नियुक्त किया गया।

इस अवसर पर अखिल

# जनवादी महिला समिति दिल्ली का त्रिवार्षिक 15वां राज्य सम्मेलन शुरू

**दिल्ली ( एजेंसी )।** अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति दिल्ली एनसीआर राज्य कमेटी का त्रिवार्षिक 15 वां राज्य सम्मेलन सुरजीत भवन नई दिल्ली पर वरिष्ठ महिला नेत्री इन्दू अग्निहोत्री द्वारा झंडा रोहण के साथ शुरू हुआ।




जनवादी महिला समिति दिल्ली राज्य सम्मेलन का कामरेड पी.के. श्रीमति, राष्टीय अध्यक्ष ने विधिवत उद्घाटन किया। देश दुनिया में महिलाओं की स्थिति, सरकारों की महिला विरोधी नीति, मंहगाई, बेरोजगारी, बढ़ती हिंसा इत्यादि विषय पर विस्तार से रखा। महिला साथियों को समाज में हो रहे अन्याय के खिलाफ मुकाबला कर आगे आने का आह्वान किया।

सम्मेलन को माकपा की वरिष्ठ नेत्री कामरेड वृंदा करात ने भी संबोधित किया। सम्मेलन में 3 साल के कामकाज व भविष्य की योजना की रिपोर्ट कामरेड आशा शर्मा ने रखी। जिस पर सम्मेलन में आए डेलीगेट बहस में हिस्सा लेते हुए अपने विचार व सुझाव रखेंगे। सम्मेलन 2 दिन चलेगा। सम्मेलन के समापन पर नई राज्य कमेटी का चुनाव किया जाएगा। सम्मेलन सहयोगी संगठनों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

सम्मेलन में नोएडा से समिति के नेता रेखा चौहान, चंदा बेगम, गुड़िया देवी, किरण, इशरत के नेतृत्व में दर्जनों महिला कार्यकर्ता हिस्सा ले रही है। सीटू कामरेड अनुराग सक्सैना, वीरेंद्र गोंड गंगेश्वर दत्त शर्मा आदि मौजूद रहे।

**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने M/s Sai Printing Press, डी-85 सेक्टर-6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया। संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340
E-mail: chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

## पृष्ठ एक के शेष....

**पांच मंजिला मकान में ....**

कि बीती रात इस इमारत में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। आग की लपटों ने इमारत को अपनी आगोश में ले लिया. स्थानीय लोगों ने फौरन फायर ब्रिगेड और पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस बल और फायर ब्रिगेड की कई टीमें मौके पर पहुंच गईं। लेकिन आग इतनी भीषण थी कि उसपर कई घंटे की मशक्कत के बाद काबू पाया जा सका। इमारत में फंसे परिवार के सभी पांच लोगों की मौत हो गई थी।

अधिकारियों ने बताया कि चमनगंज में लगी भीषण आग को बुझाने के लिए फायर ब्रिगेड की करीब 12 गाड़ियां मौके पर मौजूद थीं। लगभग 8 घंटे रेकस्यू ऑपरेशन चला, तब जाकर 5 लोगों के शव बरामद हो सके। आग ने सबकुछ जलाकर राख कर दिया था। इस दौरान एसडीआरएफ की टीम भी घटनास्थल पर पहुंची हुई थी।

अब तक की जानकारी में पता चला कि इमारत की निचली मंजिल पर जूते का कारखाना था और ऊपर की मंजिलों पर लोग निवास कर रहे थे. रात में अचानक शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई, जिसने देखते ही देखते पूरी इमारत को अपनी चपेट में ले लिया. पुलिस और फायर ब्रिगेड के अधिकारी मौके पर पहुंच गए थे लेकिन परिवार की जान नहीं बचाई जा सकी।

रात करीब तीन बजे दमकल कर्मियों ने इमारत में फंसे जूता कारोबारी दानिश, उनकी पत्नी नाजनीन और तीन बेटियां के जले हुए शव बरामद किए। इस इमारत में दानिश और उनके भाई का परिवार रहता है. ग्राउंड फ्लोर पर दानिश का जूते बनाने का कारखाना है, इसके ऊपर गोदाम है, फिर इसके ऊपर परिवार रहता था।

**इंडियन आइडल के....**

यह हादसा चालक को झपकी आने पर हुआ। कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और सिंगर पवनदीप राजन के दोनों पैर व हाथ मे फैक्चर हो गया। चालक व साथी को भी चोट आई हैं। हादसे के बाद जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवा कर घायलों को तत्काल एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

**दिल्ली में अवैध निर्माण....**

बसाने वाला मास्टरमाइंड चांद मियां ने अपना ठिकाना बना रखा था।

बुलडोजर एक्शन से पहले इंदिरा गांधी कैंप में अथॉरिटी के कर्मचारियों ने अवैध कंस्ट्रक्शन करने वाले लोगों को नोटिस भी दिया था. और दीवार पर जगह-जगह नोटिस चस्पा किया थे. अथॉरिटी के नोटिस के बाद कई लोगों ने अपने घरों को पहले ही खाली कर दिया है.

अथॉरिटी के अधिकारियों ने बताया कि नाले की एक तरफ पूरे अवैध निर्माण को ध्वस्त करने के बाद, यहां फिर से अवैध निर्माण न हो. इसके लिए अथॉरिटी एक दीवार भी बनाएगी.

इससे पहले दिल्ली हाईकोर्ट ने दिल्ली विकास प्राधिकरण (DDA) को निर्देश दिया कि वह दक्षिण-पूर्वी दिल्ली में तैमूर नगर नाले के जीर्णोद्धार में बाधा डाल रहे अवैध रूप से निर्मित ढांचों को पांच मई से गिराना शुरू करें।

**टॉयलेट का दरवाजा....**

धमाका इतना जबरदस्त था कि लड़का बुरी तरह झुलस गया और वही गिर पड़ा। युवक का अस्साल में उपचार चल रहा है।

जानकारी के मुताबिक सेक्टर-36 के मकान संख्या सी-364 के पास हुई. यह धमाका टॉयलेट सीट में सीवर के कारण जमा हुई मीथेन गैस से हुआ. जब गैस ज्यादा मात्रा में इकट्ठा हो जाती है और उसे बाहर निकलने का रास्ता नहीं मिलता, तो वह ब्लास्ट का रूप ले सकती है। यही इस घटना में भी हुआ। लड़के ने जैसे ही दरवाजा खोला धमाका हो गया। घायल लड़के को तुरंत पास के जिम्स हॉस्पिटल, कासना में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों के मुताबिक उसकी हालत स्थिर है और इलाज जारी है।

स्थानीय निवासियों ने बताया कि पी-3 गोलचक्कर के पास उद्यमन होटल के पास पिछले डेढ़ साल से सीवर लाइन टूटी हुई है। इसकी शिकायत कई बार अधिकारियों से की गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई. लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि सीवर विभाग में ऐसे अधिकारी हैं जिन्हें तकनीकी जानकारी नहीं है।

**सार्वजनिक सूचना**

**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
प्रथम तल, कामर्शियल काम्पलेक्स, ब्लाक-पी 2 सैक्टर-ओमेगा 1, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतम बुद्ध नगर (उ०प्र०) 201308 दूरभाष नं०-0120-2395201, फैक्स नं०-0120-2395150

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के एल०एफ०डी० परियोजना के अन्तर्गत आवंटित भवन सं०-KI00011102 in Wish Town Klassic, IB Tower KI-01 at Jaypee Greens Wish Town, Sector-134, Noida, Super Area-163.80 Sq.mt. जो कि श्री संदीप बिहारी माथुर एवं श्रीमती रितु माथुर के नाम पर संयुक्त रूप से सबलीज्ड है। एक सबलेसी स्व० श्री संदीप बिहारी माथुर की मृत्यु उपरान्त उक्त सम्पत्ति में उनके भाग को उनकी पत्नी श्रीमती रितु माथुर के पक्ष में नामांतरण किये जाने हेतु प्राधिकरण में आवेदन किया गया है। अतः इस नामांतरण (Death Mutation) के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति है तो प्रकाशन कि तिथि से 35 दिनों के भीतर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में स्व० श्री संदीप बिहारी माथुर की मृत्यु उपरान्त उक्त सम्पत्ति में उनके भाग को उनकी पत्नी श्रीमती रितु माथुर के नाम पर दर्ज कर दिया जायेगा

प्रबन्धक (सम्पत्ति)
यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण



## खास खबर

### विमान क्रैश, पायलट की मौत, दो घर क्षतिग्रस्त

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राज्य कैलिफोर्निया की सिमी वैली में शनिवार को एक सिंगल सीटर प्लेन क्रैश हो गया। इस हादसे में पायलट की मौत हो गई। हादसा रिहायशी इलाके में हुआ, जिसकी वजह से दो घरों को भी नुकसान हुआ है। विमान का मलबा दोनों घरों के बीच गिरा। घटना के बाद दमकलकर्मी मौके पर पहुंचे। हादसे के वक्त लोग घरों में मौजूद थे, लेकिन उन्हें सुरक्षित निकाल लिया गया है। फिलहाल किसी के घायल होने की खबर नहीं है।

### बलूच लिबरेशन आर्मी ने मंगोचर शहर पर किया कब्जा

**बलूचिस्तान** । भारत और पाकिस्तान के बीच हालिया पहलगाम आतंकी हमले के बाद बढ़ते तनाव के बीच बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने बलूचिस्तान के कलात जिले के मंगोचर शहर को अपने कब्जे में ले लिया है। बीएलए के सशस्त्र विंग ने सरकारी इमारतों पर नियंत्रण कर लिया है। कुछ सैन्य व सरकारी अधिकारियों को बंधक भी बना लिया है। इस हमले ने पाकिस्तान की आर्मी व सरकार की चिंताएं बढ़ा दी हैं। नकाबपोश हथियारबंद लोगों ने मंगोचर में क्वेटा-कराची हाईवे को बंद कर दिया, जिनके बीएलए से जुड़े होने का संदेह है। उन्होंने निजी कारों और यात्री बसों सहित कई वाहनों को रोककर उनकी तलाशी ली है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हथियारबंद लोगों ने मंगोचर बाजार में घुसकर कई सरकारी इमारतों को आग के हवाले कर दिया है।

### उल्लू ऐप ने हाउस अरेस्ट शो के सभी एपिसोड हटाए

**मुंबई।** डिजिटल प्लेटफॉर्म उल्लू ऐप पर प्रसारित ह्यहाउस अरेस्टह्ल शो को लेकर इसका विरोध हो रहा है। इस मामले में होस्ट और निमार्ताओं को समन भी जारी हो चुका है। उल्लू ऐप ने शो के सारे एपिसोड हटाने के बाद माफी मांगी है। उल्लू ऐप पर हाउस अरेस्ट शो को लेकर हिंदू संगठन ने शिकायत दर्ज कराई थी। मामले को गमार्ता देख उल्लू ऐप ने हाउस अरेस्ट के सभी शो हटा दिए हैं। उल्लू ऐप ने माफी मांगते हुए लिखा कि शो के सभी एपिसोड 3-4 दिन पहले हटा दिए गए थे। यह रिलीज आंतरिक टीम की अनदेखी और लापरवाही का परिणाम थी, जिसे हम स्वीकार करते हैं। कानून का पालन करने वाली संस्था के रूप में हम शो के रिलीज से हुई किसी भी असुविधा के लिए माफी मांगते हैं।

### सिरफिरे प्रेमी ने युवती पर फेंक तेजाब

**मऊ।** उत्तर प्रदेश के मऊ जिले से एक रोंगटे खड़े कर देने वाली घटना सामने आई है। जिले के घोसी कोतवाली क्षेत्र में एक सिरफिरे प्रेमी ने शादी तय होने से नाराज होकर युवती पर तेजाब फेंक दिया। इस हमले में युवती का चेहरा, गर्दन और कंधा बुरी तरह झुलस गया है। उसे गंभीर हालत में आजमगढ़ के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां डॉक्टरों ने उसके 60 फीसदी तक जलने की पुष्टि की है। जानकारी अनुसार 25 वर्षीय पीड़िता की 23 मई को तिलक और 27 मई को शादी तय थी। ऐसे में मुख्य आरोपी राम जनम सिंह पटेल (जो पहले से शादीशुदा है और चार बच्चों का पिता है) युवती से पिछले पांच साल से प्रेम संबंध रखता था। जब उसे युवती की शादी की खबर मिली, तो उसने अपनी ज़िंदगी की सबसे खौफनाक योजना बना डाली।

# यूपी-बिहार समेत देश के 25 राज्यों में आंधी-तूफान के साथ बारिश का अलर्ट

▸ तेज हवाओं और बारिश ने बदला मध्यप्रदेश-राजस्थान का मौसम, गिरा तापमान

एजेंसी

**नई दिल्ली।** मध्यप्रदेश और राजस्थान के कई जिलों में तेज हवाएं चली और बारिश भी हुई जिससे तापमान में 10 डिग्री तक गिरावट आई। मध्य प्रदेश के भोपाल, इटारसी, छिंदवाड़ा, सिवनी समेत कई जिलों में आंधी-तूफान के साथ तेज बारिश हुई। दिल्ली में शनिवार को भी आंधी-तूफान के



साथ बारिश हुई। इसका असर कई फ्लाइट्स पर पड़ा और दो घंटे तक फ्लाइट प्रभावित रहीं। मौसम विभाग ने कहा कि यूपी-बिहार समेत देश के 25 राज्यों में आंधी-तूफान के साथ तेज बारिश हो सकती है। मध्य प्रदेश, ओडिशा, झारखंड, पश्चिम बंगाल, बिहार और छत्तीसगढ़ के कई जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश होगी। इन राज्यों में 60 से 70 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने की संभावना है। बिहार, पूर्वी राजस्थान और पूर्वी मध्य प्रदेश के कई जिलों में ओले गिरने की संभावना भी है। इधर, ओडिशा में भारी बारिश का भी अलर्ट है। 5 मई यानी सोमवार को बिहार, झारखंड, ओडिशा, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा और दिल्ली में आंधी-बारिश का असर रहेगा। मध्य प्रदेश में तेज हवाएं चलेंगी और कहीं-कहीं ओले गिर सकते हैं। 6 मई को राजस्थान, गुजरात और छत्तीसगढ़ में भारी बारिश और तेज हवाएं चलेंगी। दक्षिण भारत के कर्नाटक और केरल में भी मौसम बिगड़ सकता है। 7 मई को गुजरात, महाराष्ट्र और दक्षिण भारत के कई इलाकों में बारिश और ओले गिर सकते हैं। पूर्वोत्तर राज्यों में भी भारी बारिश हो सकती है।

## भारत की सीमा में घुसे दो बांग्लादेशी युवक गिरफ्तार

▸ बीएसएफ ने हिरासत में लेकर की पूछताछ, दोनों देशों के बलों ने की फ्लैग मीटिंग

एजेंसी

**नई दिल्ली।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद जारी तनाव के बीच अब भारत-बांग्लादेश बॉडर पर एक चौंकाने वाली घटना सामने आई। यहां दो बांग्लादेशी युवकों चोरी छिपे भारत के अंदर घुस गए। वह भारतीय सीमा के अंदर घुसते ही सीधा पश्चिम बंगाल के चाय बागान में पहुंच गए और मोबाइल से वीडियो रिकॉर्ड कर रहे थे, तभी सीमा पर पहरा दे रहे बीएसएफ के जवानों की नजर पड़ी। उन्होंने पहले तो उनका नाम पूछा और फिर उन पर बंदूक तान दी। ये घटना बांग्लादेश के पाटग्राम बॉर्डर पर स्थित गटियारभीटा सीमा क्षेत्र की है। एक रिपोर्ट के मुताबिक बीएसएफ के जवानों ने इन दोनों युवकों को हिरासत में ले लिया है। वे मेंन बॉर्डर पिलर 825 के पास नो-मैन्स-लैंड के जरिये भारतीय सीमा में दाखिल हुए थे। बताया गया कि दोनों युवक मोबाइल से वीडियो बना रहे थे, तभी गश्त कर रही बीएसएफ की टीम ने उन्हें देख लिया। बीएसएफ ने दोनों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। युवकों में एक 22 साल है और दूसरा 16 साल का किशोर बताया जा रहा है। पूछताछ में युवकों ने बताया कि उन्हें अंदाजा नहीं था कि वे भारत में दाखिल हो चुके हैं। वे केवल चाय बागानों में वीडियो बनाने की मंशा से यहां आए थे। रिपोर्ट के मुताबिक स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश को दी, जिसके बाद बीजीबी की 61वीं बटालियन के धवलसुती बीओपी कैंप के नायक सूबेदार मुख्तार हुसैन ने बीएसएफ से संपर्क किया।

## भारत-नेपाल सीमा पर पकड़े गए म्यांमार के 6 युवक

▸ बिना वीजा-पासपोर्ट के रह रहे थे भारत में

एजेंसी

**किशनगंज।** देशभर में सुरक्षा व्यवस्था के सख्त होने के बीच भारत-नेपाल सीमा पर एक बड़ी कार्रवाई करते हुए सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) ने म्यांमार के छह युवकों को हिरासत में लिया है। ये युवक अवैध रूप से भारत में घुसे थे और बिना पासपोर्ट और वीजा के धार्मिक शिक्षा (बाइबल) प्राप्त कर रहे थे। यह कार्रवाई बंगाल के पानी टंकी क्षेत्र में की गई, जो कि किशनगंज से सटा हुआ है। पकड़े गए सभी युवक वर्ष 2022-23 के दौरान मिजोरम के रास्ते भारत में दाखिल हुए थे और तब से देश के अलग-अलग हिस्सों में रहकर



पढ़ाई कर रहे थे। पकड़े गए युवकों के पास से फर्जी आधार कार्ड, वोटर आईडी और एक के पास पैन कार्ड भी बरामद हुआ है। बताया जा रहा है कि ये दस्तावेज ज्यादातर दिल्ली में बनाए गए थे। इन सभी ने खुद को छात्र बताया है, जो नागालैंड के वोखा जिले स्थित विटर थियोलॉजिकल कॉलेज में धार्मिक शिक्षा प्राप्त कर रहे थे। छुट्टियों के दौरान ये सभी युवक अन्य भारतीय और नेपाली छात्रों के साथ सिलीगुड़ी पहुंचे थे और वहां से नेपाल के बिरतामोड़ स्थित हैप्पी लैंड एडवेंचर पार्क जाने की योजना बना रहे थे। ये तीन समूहों में विभाजित थे। इसी दौरान सशस्त्र सीमा बल ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए उन्हें पकड़ लिया। गौरतलब है कि 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 लोगों की मौत के बाद से देश की सीमाओं पर चौकसी और कड़ी कर दी गई है। हर संदिग्ध गतिविधि पर नजर रखी जा रही है और इसी क्रम में ये बड़ी सफलता हाथ लगी है।

स्थानीय पुलिस व खुफिया एजेंसियां अब इस पूरे मामले की गहराई से जांच में जुट गई हैं। यह भी आशंका जताई जा रही है कि ऐसे कई अन्य लोग भी फर्जी दस्तावेजों के सहारे देश में रह रहे हैं। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि क्या इसके पीछे कोई संगठित नेटवर्क काम कर रहा है।

### मॉडल की फंदे पर लटकी मिली लाश

**सूरत।** गुजरात के सूरत में मॉडलिंग की दुनिया में अपना करियर बनाने आई 19 साल की युवती सुखप्रीत कौर का शव उसके किराए के मकान में पंखे से लटका मिला। यह घटना सूरत के सरोली इलाके के कुंभारिया गांव स्थित सारथी रेजिडेंसी में हुई, जहां सुखप्रीत तीन अन्य युवतियों के साथ रहती थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक सुखप्रीत कौर मूल रूप से मध्य प्रदेश की रहने वाली थीं। वे हाल ही में मॉडलिंग से जुड़े कुछ प्रोजेक्ट्स के लिए सूरत आई थीं और यहां कुछ समय से रह रही थीं। शनिवार को जब उनकी सहेली बाहर से घर लौटी और दरवाजा खोला, तो उसने सुखप्रीत को पंखे से लटका पाया तो उसकी चीख निकल गई।

## भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच पाक रेंजर हिरासत में

एजेंसी

**जयपुर।** भारत-पाकिस्तान सीमा पर हालात लगातार तनावपूर्ण बने हुए हैं। इसी बीच शनिवार को राजस्थान में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने एक पाकिस्तानी रेंजर को हिरासत में ले लिया। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, यह कार्रवाई अंतरराष्ट्रीय सीमा पर संदिग्ध गतिविधियों के चलते की गई, और रेंजर से पूछताछ जारी है।

यह घटनाक्रम उस समय सामने आया जबकि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद दोनों देशों के रिश्तों में कड़वाहट चरम पर है। हमले में 26 लोगों की जान गई थी, जिनमें अधिकांश पर्यटक थे। इस हमले के बाद पाकिस्तान पर आतंकियों को समर्थन देने के आरोप लगने लगे और सीमा पर भी गतिविधियां तेज हो गईं। इससे पहले 23 अप्रैल को बीएसएफ के कांस्टेबल पूर्णम कुमार शॉ को पाकिस्तानी रेंजर्स ने पंजाब के फिरोजपुर सेक्टर में पकड़ लिया था। बताया गया कि कुमार शॉ गलती से सीमा पार कर गए थे। वे ह्यकिसान गार्ड यूनिट का हिस्सा थे, जो सीमा के पास भारतीय किसानों की सुरक्षा के लिए तैनात रहते हैं। एक पेड़ के नीचे आराम करने के लिए वह दूसरी ओर चले गए थे, जहां उन्हें पकड़ लिया गया।हालांकि भारत की ओर से विरोध पत्र सौंपने, फ्लैग मीटिंग्स करने और लगातार कूटनीतिक प्रयासों के बावजूद पाकिस्तान ने अभी तक जवान को लौटाया नहीं है। यहां तक कि उनके ठिकाने और स्थिति के बारे में भी कोई जानकारी नहीं दी गई है।

## पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लेफ्टिनेंट विनय की श्रद्धांजलि सभा

एजेंसी

**करनाल।** हरियाणा के करनाल में नेवी लेफ्टिनेंट विनय नरवाल की श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई जिसमें दादा, माता-पिता, पत्नी और बहन पहुंचे। इस दौरान सभी ने विनय नरवाल की फोटो पर फूल चढ़ा कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। वहीं दादा और पत्नी हिमांशी ने सैल्यूट किया। इस दौरान पत्नी हिमांशी भावुक हो गईं। उन्हें ससुर राजेश ने दिलासा दिया। कार्यक्रम में सीएम नायब सैनी की पत्नी सुमन सैनी भी पहुंची। इससे पहले नेवी के अफसरों ने विनय नरवाल को श्रद्धांजलि दी। हरियाणा विधानसभा के स्पीकर हरविंद्र कल्याण के अलावा करनाल जिले के विधायक भी यहां पहुंचेंगे। बता दें 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए हमले में आतंकियों ने लेफ्टिनेंट विनय नरवाल की गोली मारकर हत्या कर दी थी। उनकी 16 अप्रैल को शादी हुई थी। वे पत्नी हिमांशी के साथ हनीमून मनाने वहां गए थे। 23 अप्रैल को करनाल में विनय का अंतिम संस्कार किया गया था। बहन और चचेरे भाई ने मुखाग्नि दी थी। सीएम नायब सैनी ने कुछ दिन पहले परिवार को 50 लाख की मदद और एक सदस्य को नौकरी देने की घोषणा की थी।

### नीट परीक्षा देने से पहले ही छात्रा की आत्महत्या

**कोटा।** देशभर के लाखों छात्रों के लिए नीट परीक्षा एक सुनहरे ख्वाब की मानिंद होती है, लेकिन राजस्थान के कोटा से एक बार फिर ऐसी खबर सामने आई, जिससे सभी अंदर तक हिल गए। दरअसल नीट-यूजी 2025 परीक्षा से ठीक एक दिन पहले, कोटा में नीट की तैयारी कर रही एक 17 वर्षीय छात्रा ने आत्महत्या कर ली। वह मध्य प्रदेश के श्योपुर से अपने माता-पिता के साथ डॉक्टर बनने का सपना लेकर कोटा आई थी। जानकारी अनुसार उक्त घटना कुन्हाड़ी थाना क्षेत्र के पार्श्वनाथपुरम इलाके की है, जहां छात्रा अपने परिवार के साथ रहती थी।

## रूस ने दिए भारत को अत्याधुनिक इग्ला-एस एयर डिफेंस मिसाइल

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत की वायु रक्षा प्रणाली को और अधिक सशक्त बनाते हुए भारतीय सेना को रूस से अत्याधुनिक इग्ला-एस एयर डिफेंस मिसाइलें प्राप्त हुई हैं। 250 करोड़ रुपये के विशेष रक्षा सौदे के तहत प्राप्त ये मिसाइलें अब अग्रिम मोर्चों पर तैनात की जा रही हैं, जिससे पाकिस्तान और चीन जैसे पड़ोसी देशों से उत्पन्न खतरे का त्वरित और सटीक जवाब दिया जा सकेगा। इस समझौते को सेना की तत्काल परिचालन जरूरतों को ध्यान में रखते हुए अंजाम दिया गया है। सेना सूत्रों के अनुसार, इग्ला-एस मिसाइल प्रणाली विशेष रूप से लड़ाकू विमान, अटैक हेलिकॉप्टर



और ड्रोन को नजदीकी दूरी से निशाना बनाने में सक्षम है। यह मिसाइल प्रणाली पाकिस्तान सीमा पर भारतीय सेना की वायु सुरक्षा को कई गुना मजबूत करेगी। इग्ला-एस मिसाइल एक सैनिक द्वारा कंधे से दागी जा सकती है। इसकी इंटरसेप्शन रेंज 6 किलोमीटर तक है और यह अधिकतम 11,000 फीट की ऊंचाई तक अपने लक्ष्य को भेद सकती है। 10.8 किलोग्राम वजनी यह मिसाइल 2266 किमी/घंटा की रफ्तार से उड़ान भरती है। इसका पूरा सिस्टम 18 किलोग्राम वजनी होता है और इसकी नोक पर 1.17 किलोग्राम का विस्फोटक लगा होता है, जो टारगेट को पूरी तरह तबाह कर देता है। रक्षा मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार, वायुसेना ने भी इस प्रणाली के लिए अलग से अनुबंध किया है, जिससे देश की वायुसीमा को बहुस्तरीय सुरक्षा मिल सकेगी। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब ड्रोन और हवाई हमलों की आशंका पाकिस्तान और चीन दोनों ओर से बढ़ रही है। सेना और वायुसेना दोनों के पास पहले से मौजूद इग्ला-1एम प्रणाली 1989 से सेवा में है, लेकिन इग्ला-एस उसका कहीं अधिक उन्नत और सटीक संस्करण है।

## पहलगाम आतंकी हमले का निष्पक्ष जांच हो : पाकिस्तान

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए भीषण आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव चरम पर पहुंच गया है। हमले में दो दर्जन से ज्यादा लोगों की जान जाने के बाद भारत के कड़े रुख के संकेत मिले, जिससे पाकिस्तान में भी राजनीतिक और सैन्य हलचल मची हुई है। भारत की संभावित जवाबी कार्रवाई के बीच पाकिस्तान अब अंतरराष्ट्रीय मंचों पर मामले को ले जाने और सहानुभूति जुटाने की कोशिश कर रहा है। इसी कड़ी में पाकिस्तान ने शुक्रवार को कहा था, कि वह सुरक्षा परिषद में इस मामले को उठाने का अधिकार रखता है। संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान के स्थायी प्रतिनिधि असीम इफ्तिखार अहमद ने कहा कि



पाकिस्तान क्षेत्र में बढ़ते तनाव पर नजर रखे हुए है और यदि जरूरी हुआ तो संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की आपात बैठक बुलाने का अधिकार उसके पास सुरक्षित है। यह बात असीम ने एक संवाददाता सम्मेलन में कही थी और बताया था कि यह स्पष्ट है कि पहलगाम में एक गंभीर घटना घटी है, लेकिन अब जो स्थिति बनी है, वह क्षेत्रीय और वैश्विक शांति के लिए खतरा बन सकती है। परिषद के किसी भी सदस्य के लिए इस विषय पर चर्चा की मांग करना पूरी तरह से उचित होगा। इसके साथ ही पाकिस्तान ने पहलगाम आतंकी हमले की किसी भी प्रकार की जिम्मेदारी लेने से साफ इनकार कर दिया है। वहीं दूसरी तरफ भारत में सुरक्षा एजेंसियों को इस हमले में पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठनों के संलिप्त होने के स्पष्ट संकेत मिले हैं। ऐसे में पाकिस्तान द्वारा तीसरे पक्ष से निष्पक्ष जांच की मांग को भारत छलावा मान सकता है। गौरतलब है कि पाकिस्तान जुलाई 2025 में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता करेगा। ऐसे में वह इस मंच का इस्तेमाल अंतरराष्ट्रीय समर्थन हासिल करने और भारत पर दबाव बनाने के लिए करना चाहता है।

### लायन सफारी में तेंदुए की संख्या बढ़कर 22

**इटावा।** यूपी में इटावा की लायन सफारी में अंतरराष्ट्रीय तेंदुआ दिवस पर दो तेंदुआ लाए गए, जिससे यहां उनकी संख्या 22 हो गई। इटावा लायन सफारी पार्क के उपनिदेशक ने बताया कि सरकार की मंशा के अनुरूप विलुप्त हो रहे वन्य जीवों के संरक्षण के तहत इटावा सफारी पार्क के अंतर्गत तेंदुआ सफारी सबसे बड़ा तेंदुआ संरक्षण का केंद्र बन गया है। उन्होंने बताया कि विश्व तेंदुआ दिवस पर बिजनौर और मुरादाबाद जिलों से बचाव कर दो तेंदुए इटावा सफारी पार्क लाए गए हैं। उन्होंने बताया कि दो तेंदुए आने से सफारी पार्क में तेंदुओं की संख्या 22 हो गई, जिनमें 14 नर तेंदुआ और 8 मादा तेंदुआ शामिल है।

## ट्रंप के टैरिफ की मार, चीन में हाहाकार

▸ कारखाने बंद मजदूरों को वेतन के लाले पड़े

एजेंसी

**बीजिंग** । अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ से चीन में हाहाकार मचना शुरू हो गया है। यहां कई कारखाने बंद हो गए हैं और मजदूरों को वेतन के लाले पड़े हुए हैं। रेडियो फ्री एशिया (आरएफए) की एक रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका ने चीन से आने वाले सामान पर भारी टैक्स लगाया है। इससे चीन की अर्थव्यवस्था धीमी हो गई है। लाखों लोग इससे प्रभावित हैं और उनमें असंतोष बढ़ रहा है। चीन की फैक्ट्रियों में बहुत हंगामा हो रहा है। लोग परेशान हैं और विरोध कर रहे





हैं। हुनान प्रांत के दाओ काउंटी से लेकर सिचुआन के सुईनिंग शहर और इनर मंगोलिया के टोंगलियाओ शहर तक, कई परेशान मजदूर सड़कों पर उतर आए हैं। वे अपनी बकाया सैलरी की मांग कर रहे हैं। साथ ही वे उन फैक्ट्रियों में हो रही गलत छंटनी का विरोध कर रहे हैं जो अमेरिकी टैक्स की वजह से बंद हो गई हैं। रिपोर्ट के अनुसार, मजदूरों का कहना है कि सिचुआन की एक कंपनी ने उन्हें इस साल की शुरूआत से वेतन नहीं दिया है। यह कंपनी फ्लेक्सिबल सर्किट बोर्ड बनाती है। कंपनी ने जून 2023 से लगभग दो साल तक सामाजिक सुरक्षा लाभ भी नहीं दिए हैं। अमेरिकन इन्वेस्टमेंट बैंक गोल्डमैन सैक्स के विशेषज्ञों का अनुमान है कि चीन में कम से कम 1 l6 करोड़ नौकरियां खतरे में हैं।

# प्रजनन क्षमता पर गंभीर असर डाल रही विटामिन डी की कमी

▸ विटामिन डी का स्तर महिला के एग की गुणवत्ता और ओवुलेशन की प्रक्रिया से जुड़ा होता है

एजेंसी

**वॉशिंगटन।** यूएस स्थित नेशनल सेंटर फॉर बायोटेक्नोलॉजी इन्फॉर्मेशन (एनसीबीआई) की रिपोर्ट के अनुसार, विटामिन डी को केवल हड्डियों के लिए नहीं, बल्कि प्रजनन स्वास्थ्य बनाए रखने के लिए भी जरूरी माना गया है। इस विटामिन की कमी महिलाओं में ओवुलेशन को प्रभावित करती है, जिससे प्रेग्नेंसी कंसीव करना मुश्किल हो सकता है। शोध में




पाया गया है कि विटामिन डी का स्तर महिला के एग की गुणवत्ता और ओवुलेशन की प्रक्रिया से जुड़ा होता है। यही नहीं, इसकी कमी से एंडोमेट्रियोसिस और पॉलिसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम (पीसीओएस) जैसी समस्याएं भी हो सकती हैं, जो फर्टिलिटी को और बिगाड़ देती हैं। पुरुषों के लिए भी विटामिन डी उतना ही जरूरी है। एक अध्ययन में सामने आया कि जिन पुरुषों में इस विटामिन की कमी थी, उनमें स्पर्म काउंट और स्पर्म मोटिलिटी यानी गतिशीलता काफी कम थी। यह सीधे तौर पर टेस्टोस्टेरोन हार्मोन को भी प्रभावित करता है, जो यौन क्षमता और फर्टिलिटी दोनों के लिए अहम होता है। जब टेस्टोस्टेरोन का स्तर गिरता है, तो इससे पुरुषों की प्रजनन शक्ति पर बुरा असर पड़ता है। विटामिन डी भ्रूण के विकास में भी अहम भूमिका निभाता है, इसलिए इसकी कमी को हल्के में नहीं लेना चाहिए। यदि कोई कपल संतान की योजना बना रहा है या फर्टिलिटी से जुड़ी दिक्कतों का सामना कर रहा है, तो सबसे पहले विटामिन डी की जांच करानी चाहिए और डॉक्टर की सलाह से इसकी पूर्ति सुनिश्चित करनी चाहिए। समय रहते ध्यान न देने पर यह कमी इनफर्टिलिटी की एक बड़ी वजह बन सकती है।

ताजा शोध के अनुसार, आजकल युवाओं में इनफर्टिलिटी यानी बांझपन की समस्या तेजी से बढ़ रही है। पहले जहां 35-40 की उम्र में यह परेशानी सामने आती थी, वहीं अब 25 से 30 साल के लोग भी इससे जूझ रहे हैं। खराब जीवनशैली, प्रदूषण और अनहेल्दी खानपान जैसे कई कारण फर्टिलिटी को प्रभावित करते हैं, लेकिन एक अहम कारण विटामिन्स की कमी भी है। यह महिलाओं और पुरुषों दोनों की प्रजनन क्षमता पर गंभीर असर डाल सकती है।

## अलौकिक खूबसूरती की वजह से चर्चा में चाइनीज लड़की

एजेंसी

**बीजिंग** । चीन की 20 वर्षीय लड़की अपनी अलौकिक खूबसूरती की वजह से चर्चा में है। सिचुआन प्रांत की रहने वाली इस लड़की का नाम शेन्यु है। हाल ही में एक इवेंट में वह जब वेडिंग ड्रेस पहनकर पहुंची तो लोगों की नजरें उस पर थम गईं। वह स्कूल ऑफ स्पेशल एजुकेशन आर्ट की एकेडमी ऑफ फाइन आर्ट्स में पढ़ाई कर रही है। सोशल मीडिया पर जैसे ही उसकी तस्वीरें और वीडियो सामने आए, लोग हैरान रह गए। उसकी खूबसूरती को देखकर बहुत से लोगों ने यह तक कह दिया कि यह कोई असली इंसान नहीं, बल्कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से तैयार की गई तस्वीर है। शेन्यु के चेहरे की चमक, त्वचा की नर्मी, बालों की लंबाई और आंखों की गहराई को



देखकर कई यूजर्स को विश्वास ही नहीं हुआ कि ऐसा लुक किसी असली लड़की का हो सकता है। देखते ही देखते यह वीडियो वायरल हो गया और इसे 3 लाख से भी ज्यादा बार देखा जा चुका है। सोशल मीडिया पर बड़ी संख्या में लोग उसकी खूबसूरती की तारीफ कर रहे हैं लेकिन साथ ही यह सवाल भी उठा रहे हैं कि क्या ये तस्वीरें असली हैं या फिर एआई की देन? इस वायरल होते वीडियो के बीच शेन्यु की असली कहानी ने लोगों को भावुक कर दिया।

## खास खबर

### देश में डीजल की मांग अप्रैल में चार प्रतिशत बढ़ी

**नई दिल्ली।** देश में डीजल की मांग में अप्रैल में करीब चार प्रतिशत की बढ़ोतरी देखी गई है। कई माह की नकारात्मक या कम वृद्धि के बाद अप्रैल में गर्मियों की शुरूआत के साथ डीजल की खपत बढ़ी है। डीजल देश में सबसे ज्यादा उपभोग किया जाने वाला ईंधन है। डीजल, देश में सबसे अधिक उपभोगित ईंधन है, इसलिए इस मांग की बढ़ोतरी का अर्थिक, सामाजिक और आर्थिक परिवर्तनों पर बड़ा प्रभाव हो सकता है। 31 मार्च, 2024 को समाप्त वित्त वर्ष में, डीजल की मांग में सिर्फ दो प्रतिशत की वृद्धि देखी गई थी। इसके मुकाबले, अप्रैल में डीजल की खपत में 82.3 लाख टन की बढ़ोतरी हुई, जो एक साल पहले की समयावधि से लगभग चार प्रतिशत अधिक है।

### ओरेकल फाइनेंशियल 1 शेयर पर 265 रुपये का देगी डिविडेंड

**मुंबई।** ओरेकल फाइनेंशियल सर्विसेज सॉफ्टवेयर लिमिटेड ने अपने निवेशकों को डिविडेंड देने का ऐलान किया है। कंपनी ने तय किया है कि एक शेयर पर 265 रुपये का डिविडेंड दिया जाएगा, जिसकी समयसीमा भी तय कर दी गई है। ओरेकल के डिविडेंड के साथ कंपनी की हालत भी स्थिर है, क्योंकि इस समय उसके शेयरों की कीमतें एक महीने में 11 प्रतिशत से अधिक बढ़ गई हैं। हालांकि, 2025 में इसके शेयरों में 31 प्रतिशत की डिप्रेशन देखने को मिली थी, लेकिन इसे पिछले साल का उछाल देखकर फिर से उत्सुकता बन सकती है। ओरेकल के शेयरों में पिछले 5 साल में 271 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है, जो कि बाजार के मुकाबले काफी तेजी है। कंपनी में प्रमोटर्स की हिस्सेदारी 72.59 प्रतिशत है, जिसमें वे अपनी हिस्सेदारी में कमी कर रहे हैं।

### डिफेंस कंपनी करेगी आईडीएल एक्सप्लोसिव्स का अधिग्रहण

**मुंबई।** देश के डिफेंस सेक्टर में एक बड़ी और महत्वपूर्ण घटना सामने आई जिससे अपोलो माइक्रो सिस्टम्स के शेयर सोमवार को तेजी से उछलेंगे। अपोलो माइक्रो सिस्टम्स की सब्सिडियरी अपोलो डिफेंस इंडस्ट्रीज ने आईडीएल एक्स्प्लोसिव्स को खरीदने का फैसला किया है और इसके लिए 107 करोड़ रुपये का खर्च करेगी। एक विशेष बैच के अनुरोध के बाद, 2 मई को यह डील का ऐलान किया गया है। प्रक्रिया के पूरा होने में 2 महीने का समय लग सकता है। इस डील के माध्यम से अपोलो माइक्रो सिस्टम्स ने उत्पादन क्षमता में वृद्धि की उम्मीद दिखाई और घरेलू डिमांड के साथ एक बड़ी डील की घोषणा की। यह अधिग्रहण से अपोलो ग्रुप की डिफेंस सेक्टर में मजबूती और स्थिति को बढ़ावा मिलेगा।

### अप्रैल 2025 में होंडा को मिले केवल 3,360 नए ग्राहक

**नई दिल्ली।** अप्रैल 2025 में होंडा कंपनी को डोमेस्टिक मार्केट में केवल 3,360 नए ग्राहक मिले, जो कि पिछले साल की तुलना में 22.78 प्रतिशत की गिरावट है। अप्रैल 2024 में यह आंकड़ा 4,351 यूनिट था। इसके अलावा, होंडा के एक्सपोर्ट में भी भारी गिरावट देखी गई। अप्रैल 2025 में होंडा ने कुल 1,511 यूनिट कारों का एक्सपोर्ट किया, जो कि अप्रैल 2024 के 6,516 यूनिट से 76.81 प्रतिशत कम है।

# 7 कंपनियों के मार्केट कैप में 2.31 लाख करोड़ की वृद्धि



एजेंसी

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में पिछले कारोबारी सप्ताह के दौरान हुई खरीद-बिक्री के कारण देश की टॉप 10 मोस्ट वैल्यूड कंपनियों में से 7 कंपनियों के मार्केट कैप में 2.31 लाख करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई। इनमें सबसे अधिक फायदा रिलायंस इंडस्ट्रीज को हुआ। दूसरी ओर, टॉप 10 में शामिल 3 कंपनियों के मार्केट कैप में 18,740.33 करोड़ रुपये की गिरावट आ गई। इनमें बजाज फाइनेंस को सबसे ज्यादा नुकसान का सामना करना पड़ा। इस सप्ताह के कारोबार के दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई), इंफोसिस और आईटीसी के मार्केट कैप में 2,31,177.30 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हो गई। दूसरी ओर, टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज (टीसीएस), बजाज फाइनेंस और हिन्दुस्तान यूनिलीवर के मार्केट कैप में 18 हजार करोड़ रुपये से अधिक की गिरावट आ गई। 28 अप्रैल से 2 मई के बीच हुए कारोबार के दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज का मार्केट कैप 1,64,959.62 करोड़ रुपये बढ़ कर 19,24,235.76 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। इसी तरह भारती एयरटेल का मार्केट कैप 20,755.67 करोड़ रुपये उछल कर 10,56,029.91 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। इसके अलावा, आईसीआईसीआई बैंक का मार्केट कैप 19,381.9 करोड़ रुपये बढ़ कर के 10,20,200.69 करोड़ रुपये के स्तर पर, एचडीएफसी बैंक का मार्केट कैप 11,514.78 करोड़ रुपये की उछाल के साथ 14,73,356.95 करोड़ रुपये के स्तर पर, इंफोसिस का मार्केट कैप 10,902.31 करोड़ रुपये उछल कर 6,25,668.37 करोड़ रुपये के स्तर पर, आईटीसी का मार्केट कैप 2,502.82 करोड़ रुपये की बढ़त के साथ 5,38,294.86 करोड़ रुपये के स्तर पर और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) का मार्केट कैप 1,160.20 करोड़ रुपये बढ़ कर 7,14,014.23 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। दूसरी ओर, बजाज फाइनेंस का मार्केट कैप 15,470.50 करोड़ रुपये कम होकर 5,50,726.80 करोड़ रुपये के स्तर पर और आ गया।

## लगातार तीसरे सप्ताह मजबूती के साथ बंद होने में सफल रहा शेयर बाजार

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार पिछले सप्ताह के दौरान लगातार उतार-चढ़ाव का सामना करने के बावजूद साप्ताहिक आधार पर मजबूती के साथ बंद होने में सफल रहा। ये लगातार तीसरा सप्ताह है, जब शेयर बाजार मजबूती के साथ बंद होने में सफल रहा है। माना जा रहा है कि ग्लोबल मार्केट में बने पॉजिटिव सेंटीमेंट्स, टैरिफ वॉर में नरमी आने के संकेत, रिकॉर्ड जीएसटी कलेक्शन, कंपनियों के मिले-जुले नतीजे और विदेशी निवेशकों द्वारा लगातार की जा रही खरीदारी के कारण घरेलू शेयर बाजार साप्ताहिक आधार पर करीब 1 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद होने में सफल रहा। 2 मई यानी शुक्रवार को खत्म हुए कारोबारी सप्ताह में बीएसई का सेंसेक्स साप्ताहिक आधार पर 1,289.46 अंक यानी 1.62 प्रतिशत की मजबूती के साथ 80,501.99 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह एनएसई के निफ्टी ने साप्ताहिक आधार पर 307.35 अंक यानी 1.2 प्रतिशत उछल कर 24,346.70 अंक के स्तर पर पिछले सप्ताह के कारोबार का अंत किया। मासिक आधार पर देखा जाए तो सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों ने लगभग 3.5 प्रतिशत की बढ़त हासिल की। 28 अप्रैल से 2 मई तक के कारोबारी सप्ताह के दौरान बीएसई का लार्जकैप इंडेक्स करीब 1 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद होने में सफल रहा। इस इंडेक्स में शामिल हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स, रिलायंस इंडस्ट्रीज, अडाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन, भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन, इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन, मारुति सुजुकी इंडिया और डीएलएफ के शेयर टॉप गेनर्स की सूची में शामिल हुए। दूसरी ओर श्रीराम फाइनेंस, जेएसडब्ल्यू स्टील, अडाणी पावर, श्रीसीमेंट्स, एवेन्यू सुपरमार्ट्स, स्विगी, बजाज फिनसर्व, मैनकाइंड फार्मा, अल्ट्राटेक सीमेंट, इंडस टावर्स और वारी एनर्जीज के शेयर लार्ज कैप इंडेक्स के टॉप लूजर्स की सूची में शामिल हुए।

### रेनो बोरियल को पहले ग्लोबल मार्केट में लांच किया जाएगा

**नई दिल्ली।** हाल ही में रेनो ने रेनो बोरियल एसयूवी के टीजर को जारी किया, जिससे इसके डिजाइन और अन्य फीचर्स का भी पता चला है। यह एसयूवी रेनो की सिस्टर कंपनी डेसिया द्वारा पेश की गई बिगस्टर के समान है, जो डस्टर का 7-सीटर वर्जन है। कहा जा रहा है कि रेनो बोरियल को पहले ग्लोबल मार्केट में लॉन्च किया जाएगा, और भारत में इसे 2026 की शुरूआत में पेश किया जा सकता है। रेनो बोरियल का डिजाइन और फीचर्स डस्टर के समान होंगे, लेकिन इसे लंबा और ज्यादा प्रीमियम बनाने के लिए कुछ बदलाव किए जाएंगे। इसमें बड़ी व्हील्ज और बेहतर ग्राउंड क्लीयरेंस होगी, जो इसे ऑफ-रोडिंग के लिए उपयुक्त बनाएगी। ग्लोबल मार्केट में रेनो बोरियल की ग्राउंड क्लीयरेंस 220 मिमी है। अंदर की तरफ पैनोरमिक सनरूफ, वेंटिलेटेड सीट्स, अडास, 10-इंच इंफोटेनमेंट, डिजिटल इंस्ट्रुमेंट क्लस्टर और मल्टी-टेरेन मोड्स के साथ एडब्ल्यूडी सिस्टम जैसे फीचर्स होंगे।

## दो नए आईपीओ की लॉन्चिंग, पांच शेयरों की होगी लिस्टिंग




एजेंसी

**नई दिल्ली।** सोमवार पांच मई से शुरू होने वाले कारोबारी सप्ताह के दौरान प्राइमरी मार्केट में दो नए आईपीओ लॉन्च होने वाले हैं। ये दोनों आईपीओ एसएमई सेगमेंट के हैं। इसके अलावा पिछले सप्ताह लॉन्च हुए दो आईपीओ में भी इस सप्ताह छह मई यानी मंगलवार तक बोली लगाई जा सकेगी। जहां तक लिस्टिंग की बात है तो इस सप्ताह एथर एनर्जी समेत पांच कंपनियों के शेयर लिस्ट होकर स्टॉक मार्केट में कारोबार की शुरूआत करेंगे। सोमवार को श्रीगी डीएलएम लिमिटेड का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा। इस आईपीओ में सात मई तक बोली लगाई जा सकेगी। आईपीओ के तहत बोली लगाने के लिए 94 से 99 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 1,200 शेयर का है। कंपनी के शेयरों का अलॉटमेंट आठ मई को किया जाएगा, वहीं इनकी लिस्टिंग बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर 12 मई को होगी। पांच मई को ही मनोज ज्वेलर्स का 16.20 करोड़ रुपये का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा। इस आईपीओ में भी सात मई तक बोली लगाई जा सकेगी। आईपीओ के तहत बोली लगाने के लिए 54 रुपये प्रति शेयर का मूल्य तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 2,000 शेयर का है। कंपनी के शेयरों का अलॉटमेंट आठ मई को किया जाएगा, जबकि इनकी लिस्टिंग बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर 12 मई को होगी। इनके अलावा पिछले सप्ताह 29 अप्रैल को खुले केनरिक इंडस्ट्रीज के 8.75 करोड़ रुपये के आईपीओ में छह मई तक आवेदन किया जा सकता है। आईपीओ के तहत बोली लगाने के लिए 25 रुपये प्रति शेयर का मूल्य तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 6,000 शेयर का है। कंपनी के शेयरों का अलॉटमेंट सात मई को होगा, जबकि इनकी लिस्टिंग नौ मई को बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर होगी। इसी तरह दो मई को खुले वैगन्स लर्निंग के 38.38 करोड़ रुपये के आईपीओ में भी छह मई तक आवेदन किया जा सकता है। आईपीओ के तहत बोली लगाने के लिए 78 से 82 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है।

## एसएस इनोवेशन्स इंटरनेशनल को एनएएसडीएक्यू पर सूचीबद्ध किया गया



एजेंसी

**रांची।** विश्वस्तरीय मंच पर भारतीय मेडिकल टेक्नोलॉजी में बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए, स्वदेशी एसएसआई मंत्रा सर्जिकल रोबोटिक सिस्टम के निर्माता एसएस इनोवेशन्स इंटरनेशनल को एनएएसडीएक्यू पर सूचीबद्ध किया गया है। उम्मीद की जा रही है कि 25 अप्रैल, 2025 से ट्रेडिंग शुरू हो जाएगी, कंपनी के शेयर्स को टिकर सिंबल एसएसआईआई के तहत सूचीबद्ध किया जाएगा। एसएस इनोवेशन्स इंटरनेशनल ने 31 दिसम्बर 2024 को समाप्त होने वाले वर्ष में प्रभावशाली आर्थिक विकास दर्ज किया, इस अवधि के दौरान कंपनी का राजस्व जो पिछले साल 5.9 मिलियन डॉलर था, वह 3.5 गुना बढ़ोतरी के साथ 20.6 मिलियन डॉलर के आंकड़े पर पहुंच गया। इसी तरह ग्रॉस मार्जिन भी 2023 में 12.3 फीसदी था जो बढ़कर 40.9 फीसदी पर पहुंच गया। ये आंकड़े कंपनी के मजबूत वित्तीय प्रदर्शन और मार्केट में बढ़ती मौजूदगी को दर्शाते हैं। इसके अलावा एसएस इनावेवेशन्स इंटरनेशनल ने अपने चिकित्सकीय रूप से मान्य तथा पेटेंट प्राप्त एसएसआई मंत्रा सर्जिकल रोबोटिक सिस्टम के साथ उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की है।

## ग्राहकों को मिलेगा बेहतर क्लेम अनुभव, पॉलिसीबाजार का एश्योर्ड डिलीवरी प्रोग्राम 100 शहरों तक पहुंचा

एजेंसी

**रांची।** पॉलिसीबाजार ने हाल ही में अपनी कस्टमर फर्स्ट इनिशिएटिव, एश्योर्ड डिलीवरी प्रोग्राम में बड़ी सफलता हासिल की है। अब यह कार्यक्रम कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक देश के 100 शहरों में पहुंच गया है। यह कार्यक्रम उपभोक्ताओं को क्लेम और सर्विस का बेहतर अनुभव प्रदान करने के लिए बनाया गया है।इस कार्यक्रम से सभी मेट्रो शहरों और ज्यादातर टियर-कऔर टियर-क्कशहरों में पॉलिसीधारक आसानी से अपने क्लेम सेटल कर सकते हैं। कंपनी ने मोटर इंश्योरेंस क्लेम को बेहतर बनाने के लिए इस साल की शुरूआत में एश्योर्ड डिलीवरी प्रोग्राम शुरू किया था। इसका मकसद पॉलिसीधारकों को आसानी, पारदर्शिता और तेज सेवा प्रदान करना है। पॉलिसीबाजार डॉट कॉम के मोटर इंश्योरेंस रिन्यूअल और कस्टमर एक्सपीरियंस के बिजनेस हेड, संदीप सराफ ने कहा, ׅहमारे एश्योर्ड डिलीवरी प्रोग्राम के तहत 100 शहरों तक पहुंचना मोटर इंश्योरेंस क्लेम को सरल बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। यह कार्यक्रम मरम्मत में देरी और अपडेट की कमी जैसी आम समस्याओं को हल करने के लिए बनाया गया है। इसमें समर्पित रिलेशनशिप मैनेजर, तय समय में मरम्मत और कैशलेस क्लेम जैसी सुविधाएं दी जाती हैं।

## एकता कपूर ने की एमपी २.० फिल्म पॉलिसी की घोषणा

- अब गेमिंग और वीएफएक्स इंडस्ट्री को भी मिलेगा बढ़ावा



एजेंसी

**मुंबई।** एमी अवॉर्ड विजेता प्रोड्यूसर और कंटेंट की दुनिया की दिग्गज एकता आर कपूर ने वेव्स समिट 2025 के मंच से मध्यप्रदेश की नई और अपग्रेडेड फिल्म पॉलिसी 2.0 लॉन्च की। इस मौके पर उन्होंने न सिर्फ राज्य की फिल्म फ्रेंडली सोच की तारीफ की, बल्कि ये भी कहा कि मध्यप्रदेश अब देश का नया प्रीमियम शूटिंग डेस्टिनेशन बनने की पूरी तैयारी में है। समिट में बोलते हुए एकता आर कपूर ने मध्यप्रदेश की सिनेमाई खूबसूरती की दिल खोलकर तारीफ की। उन्होंने कहा, जो हमने देखा, उसमें कोई शक नहीं कि मध्यप्रदेश में विजुअल्स, हेरिटेज और लेगेसी, सबकुछ एकदम परफेक्ट है। उन्होंने नई फिल्म पॉलिसी की सराहना करते हुए कहा कि अब जरूरत है ऐसे आर्थिक सहयोग की जिससे बड़े पैमाने की फिल्में आसानी से यहां शूट की जा सकें। उन्होंने आगे कहा, पॉलिसी तो बेहतरीन है, अब अगर मेकर्स को थोड़ी फाइनेंशियल सुविधा मिले, तो न सिर्फ फिल्ममेकिंग आसान होगी, बल्कि राज्य की इकोनॉमी को भी जबरदस्त फायदा पहुंचेगा। एकता कपूर ने अंतरराष्ट्रीय शूटिंग डेस्टिनेशन्स का ज़िक्र करते हुए मध्यप्रदेश को स्पेन जैसा ग्लोबल हब बनने की सलाह दी। उन्होंने कहा, आज स्पेन में सबसे ज्यादा शूटिंग हो रही है क्योंकि वहां काम करना आसान है और अच्छा रिबेट (छूट) भी मिलता है।ׅ उन्होंने सुझाव दिया कि अगर मध्यप्रदेश को भी ग्लोबल लेवल पर आगे बढ़ना है, तो दो बातें बेहद जरूरी हैं, एक वन-स्टॉप शॉप जैसी आसान पॉलिसी और दूसरा, फिल्ममेकर्स को आर्थिक मदद के तौर पर रिबेट देना। नई फिल्म पॉलिसी के जरिए मध्यप्रदेश को सिर्फ पारंपरिक फिल्मों के लिए नहीं, बल्कि गेमिंग, एनीमेशन और वीएफएक्स जैसी उभरती इंडस्ट्रीज का भी हब बनाने की तैयारी है।

### हीरो मोटोकॉर्प की बिक्री में अचानक दर्ज की गई बड़ी गिरावट

**नई दिल्ली।** अप्रैल 2025 में हीरो मोटोकॉर्प की बिक्री में अचानक बड़ी गिरावट देखी गई। कंपनी ने अप्रैल 2025 में महज 3,05,406 यूनिट मोटरसाइकिल की बिक्री की, जबकि एक साल पहले यानी अप्रैल 2024 में यह आंकड़ा 5,33,585 यूनिट था। इस दौरान सालाना आधार पर हीरो मोटोकॉर्प की बिक्री में 42.76 प्रतिशत की गिरावट आई है। मासिक आधार पर भी कंपनी की बिक्री में 44.43 प्रतिशत की गिरावट आई है। हीरो मोटोकॉर्प की बिक्री में इस गिरावट का मुख्य कारण मोटरसाइकिल और स्कूटर दोनों श्रेणियों में बिक्री में आई कमी है। अप्रैल 2025 में कंपनी ने कुल 2,86,089 यूनिट मोटरसाइकिल की बिक्री की, जबकि एक साल पहले यह आंकड़ा 4,96,542 यूनिट था, जो कि 42.38 प्रतिशत की गिरावट दर्शाता है। इस दौरान कंपनी की कुल बिक्री में मोटरसाइकिल का हिस्सा 93.67प्रतिशत रहा।

## पहलगाम आतंकी हमले को कवर करेगा सुप्रीम कोर्ट की वकील सना रईस खान का कानूनी शो रूल ऑफ लॉ




एजेंसी

**मुंबई।** भारत के बेहतरीन और सबसे विश्वसनीय वकीलों में से एक सना रईस खान ने अपने गहन ज्ञान और जुनून के साथ एनडीटीवी के हाल ही में लॉन्च किए गए कानूनी शो 'रूल ऑफ लॉ विद सना रईस खान' को काफी सफल बनाने में कामयाबी हासिल की। सना रईस खान ने अपने अनुभव, ज्ञान और अंतर्दृष्टि के माध्यम से अब तक आम आदमी को देश की कानून-व्यवस्था के साथ-साथ नागरिकों के रूप में उनके अधिकारों के बारे में सफलतापूर्वक शिक्षित किया है। शो में सना की भागीदारी के साथ-साथ सामग्री की विशिष्टता जो शो को पेश करनी है, उसे पहले ही सभी से बहुत सराहना मिल चुकी है और अब, हमारे पास आगामी एपिसोड का विवरण आ रहा है। 'रूल ऑफ लॉ विद सना रईस खान' के आगामी एपिसोड में हम उन्हें कुछ दिन पहले पूरे देश को हिला देने वाले दुखद पहलगाम आतंकवादी हमले को कवर करते हुए देखेंगे। सना घटना की गहराई में जाने के लिए पूरी तरह तैयार है और सभी को यूएपीए (गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम) की अवधारणा को समझने में मदद करेगी जो आतंकवादी गतिविधि की इस घटना को नियंत्रित करता है। उसी के बारे में सना ने कहा कि यह देखना बेहद निराशाजनक है कि पहलगाम में क्या हुआ। मृतकों के परिवारों के प्रति मेरी संवेदनाएं हैं और दिवंगत आत्माओं को शांति मिले। यूएपीए पर ज्ञान के प्रति बहुत जिज्ञासा और खोज है, विशेष रूप से इस दुखद घटना के बाद और इसलिए आगामी एपिसोड में मैं दर्शकों के लिए इसे आसानी से समझने योग्य बनाने के लिए इसके हर हिस्से को डिकोड कर रही हूं। इस भयावह घटना के बाद प्रभावित हुए प्रत्येक व्यक्ति के लिए मेरी प्रार्थनाएँ हैं। भगवान हम सभी की देखभाल करें।

### एमजी विंडसर प्रो ईवी का टीजर जारी, कल होगी लॉन्च

**नई दिल्ली।** जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने अपनी लोकप्रिय इलेक्ट्रिक कार विंडसर का नया वर्जन विंडसर प्रो 6 मई को लॉन्च करने की घोषणा की है। लॉन्च से पहले ही इस इलेक्ट्रिक गाड़ी के एक्सटीरियर और इंटीरियर की तस्वीरें लीक हो गई हैं, जिनसे इसके नए लुक और फीचर्स की झलक मिलती है। यह प्रो वर्जन पहले से कहीं ज्यादा एडवांस और प्रीमियम होगा। इसमें डायमंड-कट फिनिश के साथ नए एलॉय व्हील दिए गए हैं, जो पहले हेक्टर मॉडल में देखे जा चुके हैं। इसके अलावा, पीछे की तरफ एडीएएस बैजिंग देखने को मिलती है, जो यह संकेत देती है कि अब इसमें एडवांस्ड ड्राइवर असिस्टेंस सिस्टम की सुविधा भी दी जाएगी। कंपनी ने क्ले बेज कलर स्कीम को बंद कर दिया है और अब इसकी जगह सिल्वर कलर जोड़ा गया है।

## वित्त वर्ष 2025 में एसबीआई का परिचालन लाभ 1.10 लाख करोड़ के पार




- सालाना आधार पर परिचालन लाभ 8.83 प्रतिशत बढ़कर 31,286 करोड़ रुपए हुआ

एजेंसी

**नई दिल्ली।** वित्त वर्ष 2024-25 में चौथी तिमाही में भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने अपने परिणामों को घोषित करते हुए देश के सबसे बड़े बैंक के रूप में अच्छे नतीजे प्रस्तुत किए हैं। सालाना आधार पर परिचालन लाभ में 8.83 प्रतिशत बढ़ गया और यह 31,286 करोड़ रुपए रहा।इसके साथ ही वित्त वर्ष 2024-25 के लिए मुनाफा में 16.08 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाई गई और इसने 70,901 करोड़ रुपए का लाभ प्राप्त किया। एसबीआई ने वित्तीय परिणामों में वृद्धि की जानकारी शनिवार को दी, जिसमें बैंक ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए बड़े अंकों में उत्तरदायित्व का लक्ष्य पार करने के संकल्प का व्यक्त किया। चौथी तिमाही में कर पश्चात लाभ (पीएटी) में भी वृद्धि हुई और यह 20,698 करोड़ रुपए हो गया। इसके अलावा स्लिपेज अनुपात में भी सुधार हुआ है, जिससे बैंक के अनुपात में सुधार की दिशा में कदम बढ़ा है। एसबीआई के निदेशक मंडल ने बैंक के हिस्सेदारों के लिए अच्छे खबर दी है, जिसमें प्रति शेयर 15.9 रुपए का लाभांश घोषित किया गया है। वित्त वर्ष 2024-25 के लिए बैंक का आरओए और आरओई क्रमशः 1.10 प्रतिशत और 19.87 प्रतिशत रहा। इसके अलावा बैंक के एसएमई एडवांस और एग्री एडवांस में भी वृद्धि हुई है, जिससे वित्त वर्ष 2024-25 के लिए स्लिपेज अनुपात में सुधार दर्शाया गया है। बैंक ने डिजिटल रूप से अधिग्रहित होने की भी बात की है, जिसमें वैकल्पिक चैनलों की हिस्सेदारी बढ़ी है।

# आफ्टरनून वॉइस प्रेजेंट 17वें न्यूजमेकर्स अचीवर्स अवार्ड का आयोजन

- पंडित हृदयनाथ मंगेशकर, मंत्री उदय सामंत, अनु अग्रवाल, नायरा एम बनर्जी व पंकज बेरी हुए सम्मानित





एजेंसी

**मुंबई।** महाराष्ट्र दिवस और मजदूर दिवस के उपलक्ष्य में मुंबई के यशवंतराव चव्हाण सभागार में आफ्टरनून वॉइस प्रेजेंट 17वें न्यूजमेकर्स अचीवर्स अवार्ड का आयोजन किया गया। डॉ. वैदेही तमान द्वारा आयोजित इस समारोह में पंडित हृदयनाथ मंगेशकर, मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक रामलाल, मंत्री उदय सामंत, मंत्री योगेश कदम, अनु अग्रवाल आशिकी अभिनेत्री, नायरा एम बनर्जी, पंकज बेरी, स्मिता जयकर, अप्पा परब, जे वी पवार, मास्टर अयान खान, सहित कई आईएएस,आईपीएस अधिकारी और कई मीडिया प्रमुख को इस सम्मान से नवाजा गया। पहलगाम हमले में हुए शहीद हुए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए सभी ने मौन धारण किया। अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत हुई। सभी अतिथियों को शॉल देकर सम्मानित किया गया। हृदयनाथ मंगेशकर को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड मिला जिसे स्वीकार करते हुए उषा ताई ने कहा कि हृदयनाथ मंगेशकर का फोन आया कि मैं शाम को जाकर उनका यह अवार्ड स्वीकार कर लूं। डॉ वैदेही को इतना अच्छा अवार्ड देने के लिए आभार। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक रामलाल थे। स्मिता जयकर, अप्पा परब, जे वी पवार, स्मिता जयकर और अभिनेत्री अनु अग्रवाल को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। मंत्री उदय सामंत को बेस्ट वर्किंग पॉलिटिशियन अवार्ड से सम्मानित किया गया। उदय सामंत ने कहा कि उषा ताई, रामलाल, योगेश कदम, डॉ वैदेही सहित यहां उपस्थित सबको पहले महाराष्ट्र दिवस, मजदूर दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। सौभाग्यशाली मानता हूं कि स्टेज पर ऐसी ऐसी हस्तियां बैठी हैं और मुझे सम्मानित किया गया। इस अवार्ड से हमारी ऊर्जा बढ़ेगी। बेस्ट वर्किंग पॉलिटिशियन अवार्ड से मंत्री योगेश कदम को भी सम्मानित किया गया। हम दिल दे चुके सनम फेम अदाकारा स्मिता जयकर ने लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड हासिल करने के बाद कहा कि कितने दिग्गज लोग स्टेज पर हैं। मैं एक बार फिर वैदेही को दिल से धन्यवाद देती हूँ। सोशल केटेगरी मे यह अवॉर्ड बेस्ट आईपीएस अधिकारी के लिए संदीप तमगडगे, डिफेंस सर्विस में योगदान के लिए कर्नल प्रभात सूद (रिटायर्ड), बेस्ट सोशल वर्कर महामंडलेश्वर पायल नंदगिरी, बेस्ट डॉक्टर डॉ वेणु गोपाल राम राव, बेस्ट वैदिक आचार्य पंडित विद्याधर मिश्रा, सर्वश्रेष्ठ हिन्दी साहित्यकार यतींद्र कटारिया को दिया गया।

## सीएमएफ फोन 2 प्रो की ओपन सेल्स कल से शुरू हो रही है



**रांची।** लंदन स्थित प्रौद्योगिकी कंपनी नथिंग के सब-ब्रांड सीएमएफ ने आज फि्लपकार्ट, फि्लपकार्ट मिनट्स, विजय सेल्स, क्रोमा और भारत के सभी प्रमुख रिटेल स्टोरों पर सीएमएफ फोन 2 प्रो के ओपन सेल की घोषणा की है, जो 5 मई दोपहर 12 बजे से शुरू होगी। पहले दिन एक स्पेशल इंट्रोडक्टरी ऑफर के रूप में, फोन 2 प्रो कम से कम 16,999 रुपये (सभी ऑफर सहित) में उपलब्ध होगा।अपने सेगमेंट में सबसे बेहतरीन थ्री-कैमरा सिस्टम, शानदार ब्राइट डिस्प्ले और प्रीमियम डिजाइन के साथ सीएमएफ बाय नथिंग ने 28 अप्रैल, 2025 को फोन 2 प्रो को वैश्विक स्तर पर लॉन्च किया। सीएमएफ फोन 2 प्रो एक बेहतरीन डेली स्मार्टफोन है।

# आईपीएल में सनराइजर्स पर जीत के इरादे से उतरेगी कैपिटल्स

**हैदराबाद (एजेंसी)।** दिल्ली कैपिटल्स की टीम सोमवार को यहां सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ जीत हासिल कर प्लेऑफ के लिए अपनी दावेदारी मजबूत करने के इरादे से उतरेगी। कैपिटल्स को पिछले मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। जिससे उसके विजय अभियान को झटका लगा था। दिल्ली कैपिटल्स की टीम अभी 10 मैच में 12 अंक के साथ पांचवें स्थान पर है। वहीं सनराइजर्स की टीम नौवें स्थान पर है, ऐसे में इस मैच में दिल्ली का पलड़ा भारी नजर आता है।

इस मैच में दिल्ली के कप्तान अक्षर पटेल का खेलना संदिग्ध है। अक्षर को पिछले मैच में केकेआर के खिलाफ बाएं हाथ में चोट लग गयी थी। थे। अक्षर ने पिछले मैच में 23 गेंद में 43 रन बनाये थे। ऐसे में अक्षर इस मैच में नहीं खेलते या मैच में उनकी भूमिका सीमित होती है तो इससे टीम के प्रदर्शन पर असर पड़ेगा। टीम को अपने पिछले दो मैच में घरेलू मैदान पर केकेआर और आरसीबी के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा है। दिल्ली की टीम अपने पिछले पांच में से तीन मुकाबले हारी है ऐसे में उसके लिए इस मैच में बड़ी जीत दर्ज करना जरुरी है।

उनके लिए राहत की बात ये है कि अनुभी बल्लेबाज फाफ डु प्लेसी फॉर्म में आ गये हैं। टीम की बल्लेबाजी के आधार के एल राहुल रहेंगे। राहुल ने अब तक नौ मैच में 371 रन बनाये हैं। इस मैच में दिल्ली के बल्लेबाजों के लिए हैदराबाद के तेज गेंदबाजों पैट कमिंस, मोहम्मद शमी के अलावा हर्षल पटेल का सामना करन आसान नहीं होगा। वहीं उसके बल्लेबा अभिषेक पोरेल भी इस मैच में बड़ी पारी खेलना चाहेंगे।

दिल्ली के पास ऑलराउंडर के तौर पर विपराज निगम है। निगल अंतिम ओवरों में तेजी से रन बनाने में सक्षम हैं। वहीं दिल्ली की गेंदबाजी की कमान तेज गेंदबाजों मिचेल स्टार्क और दुष्मंता चमीरा के अलावा मुकेश कुमार जैसे अनुभवी गेंदबाजों के पास है।

वहीं दूसरी ओर सनराइजर्स की टीम की प्लेफऑफ की संभावनाएं तकरीबन समाप्त हो गयी है। टीम की ताकत बल्लेबाजी है पर इस सत्र में उसके बल्लेबाज विफल रहे हैं। ट्रविस है और अभिषेक शर्मा के प्रदर्शन में निरंतरता की कमी रही है, हेनरिक क्लासेन भी उम्मीद के अनुसार प्रदर्शन नहीं कर पाये हैं।




वहीं गेंदबाज मो शमी, ट्रेविस हेड, इशान किशन, और जयदेव उनादकट भी प्रभावित नहीं कर पाये है। कुल मिलाकर देखा जाये तो इस मैच में सनराइजर्स के जीतने की संभावनाएं बेहद कम हैं।

### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

**सनराइजर्स हैदराबाद** = पैट कमिंस (कप्तान), इशान किशन (विकेटकीपर), अथर्व तायडे, अभिनव मनोहर, अनिकेत वर्मा, सचिन बेबी, स्मरण रविचंद्रन, हेनरिक क्लासेन, ट्रेविस हेड, हर्षल पटेल, कामिंदु मेंडिस, वियान मुल्डर, अभिषेक शर्मा, नितीश कुमार रेड्डी, मोहम्मद शमी, राहुल चाहर, सिमरजीत सिंह, जीशान अंसारी, जयदेव उनादकट, और इशान मलिंगा।

**दिल्ली कैपिटल्स** = अक्षर पटेल (कप्तान), जेक फ्रेजर-मैकगर्क, अभिषेक पोरेल, करुण नायर, लोकेश राहुल, ट्रिस्टन स्टब्स, आशुतोष शर्मा, विपराज निगम, मिचेल स्टार्क, कुलदीप यादव, मोहित शर्मा, मुकेश कुमार, समीर रिजवी, दर्शन नालकंडे, डोनोवन फरेरा, त्रिपुराना विजय, दुष्मंता चमीरा, फाफ डु प्लेसी, टी नटराजन, अजय जादव मंडल, मनवंत कुमार एल और माधव तिवारी।

# आईपीएल में रियान पराग ने रचा इतिहास, 6 गेंदों पर 6 छक्के लगाने वाले पहले बल्लेबाज बने




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रियान पराग ने ईडन गार्डन्स में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ छह छक्के लगाकर इतिहास बना दिया। वह आईपीएल में यह कारनामा करने वाले पहले बल्लेबाज हैं। 207 रनों के असंभव लक्ष्य का पीछा करते हुए रियान ने 8वें ओवर में राजस्थान के 72/5 पर गिरने के बाद, पराग ने अकेले ही रॉयल्स को प्रतियोगिता में वापस लाने का बीड़ा उठाया, उन्होंने खेल के 13वें ओवर में मोईन अली के खिलाफ तूफानी अंदाज में बल्लेबाजी की। मोईन अली को लगातार पांच गेंदों पर छक्का मारने के बाद अगले ओवर की पहली गेंद पर उन्होंने स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को छक्का लगाकर यह रिकॉर्ड बना दिया।

पराग ने क्रिस गेल, राहुल तेवतिया और रिंकू सिंह जैसे खिलाड़ियों की बराबरी की, जिन्होंने आईपीएल में एक मैच के एक ओवर में 5 छक्के लगाए हैं। आरआर के कप्तान 17वें ओवर की चौथी गेंद पर 95 रन बनाकर आउट हो गए। यह आईपीएल में उनका अब तक का सर्वोच्च स्कोर था।

#### आईपीएल में एक ओवर में 5 छक्के लगाना

क्रिस गेल बनाम राहुल शर्मा, 2012

राहुल तेवतिया बनाम एस कॉटरेल, 2020

रवींद्र जडेजा बनाम हर्षल पटेल, 2021

रिंकू सिंह बनाम यश दयाल, 2023

रियान पराग बनाम मोईन अली, 2025*

#### ऐसा पहली बार नहीं हुआ

इंडियन प्रीमियर लीग के इतिहास में किसी ने भी एक ओवर में 6 छक्के नहीं लगाए हैं। हालांकि, टी20 में तीन बल्लेबाजों ने लगातार 2 गेंदों पर 6 छक्के लगाए हैं। दीपेंद्र सिंह ऐरी, कीरोन पोलार्ड और युवराज सिंह ने यह जादुई उपलब्धि हासिल की है। नेपाल के ऐरी ने कतर और मंगोलिया के खिलाफ दो अलग-अलग मौकों पर ऐसा किया है, जबकि पोलार्ड ने 2021 में अपने करियर के आखिरी दौर में श्रीलंका के खिलाफ खेलते हुए यह उपलब्धि हासिल की थी और युवराज सिंह ने टी20 विश्व कप 2007 में स्टुअर्ट ब्रॉड की छह गेंदों पर छह छक्के लगाए थे।

# एशिया कप से पाकिस्तान को किया जा सकता है बाहर : गावस्कर



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने कहा है कि पहलगाम आतंकी हमले के कारण पाकिस्तान क्रिकेट टीम को एशिया कप से बार कर दिया जाना तय है। एशिया कप की मेजबानी भारतीय बोर्ड (बीसीसीआई) कर रहा है और ऐसे में वह किसी भी हालत में पाक शामिल करना नहीं चाहेगा। गावस्कर ने यहां तक कहा कि एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) को भी भंग किया जा सकता है।

गावस्कर ने कहा कि बीसीसीआई सरकार के अनुसार चलती है और अभी सरकार पाक से किसी प्रकार के संपर्क के पक्ष में नहीं है। इस पूर्व कप्तान के अनुसार अगर सरकार पाक से क्रिकेट संबंध नहीं चाहती, तो बीसीसीआई उसपर अमल करेगी। एशिया की मेजबानी सितंबर में भारत और श्रीलंका संयुक्त रुप से करेंगे।

गावस्कर ने यह भी कहा कि अगर हालात और खराब होते हैं ता बीसीसीआई एसीसी से भी अलग हो सकता है और बांग्लादेश, श्रीलंका, अफगानिस्तान जैसे देशों के साथ अलग टूर्नामेंट आयोजित कर सकता है। उन्होंने कहा कि यह टूर्नामेंट भारत, श्रीलंका या बांग्लादेश में कराया जा सकता है और भारत इसकी मेजबानी करेगा। उन्होंने ये भी कहा कि अगर दो देश एक-दूसरे से दुश्मनी की स्थिति में हों, तो उनके बीच क्रिकेट खेला जाना संभव नहीं है। भारतीय टीम ने इससे पहलेचैंपियंस ट्रॉफी में भी पाकिस्तान का दौरा न करते हुए तटस्थ स्थल पर अपने मैच खेले थे।

# सांसे रोक देने वाले मैच में कोलकाता ने राजस्थान रॉयल्स को 1 रन से हराया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कोलकाता नाइट राइडर्स ने राजस्थान रॉयल्स को महज 1 रन से हरा दिया। सांसें रोक देने वाले मैच में राजस्थान रॉयल्स को फिर से हार का सामना करना पड़ा। इस मुकाबले को जीतकर कोलकाता ने 11 अंक हासिल कर लिए हैं और टीम छठे पायदान पर पहुंच गई।

केकेआर की टीम के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 206 रन बनाए। जिसके जवाब में राजस्थान रॉयल्स 205 रन ही बना पाई। आखिरी ओवर में 22 रन चाहिए थे, लेकिन 20 रन वैभव अरोड़ा ने खर्च कर दिए। आखिरी गेंद पर जीत के लिए 3 और टाई के लिए दो रन की जरूरत थी, लेकिन दूसरे रन पर जोफ्रा आर्चर रन आउट हो गए। आंद्रे रसेल ने इस मैच में 57 रनों की तूफानी पारी खेली थी। वहीं रियान पराग 95 रन बनाकर आउट हो गए थे।

वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी रॉयल्स की टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। टीम ने 71 रन के स्कोर पर पांच विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद रियान पराग ने शिमरॉन हेटमायर के साथ मिलकर छठे विकेट के लिए 92 रनों की साझेदारी की और टीम को मुश्किल से उबारा। रियान ने इस दौरान मोईन अली के ओवर पर लगातार पांच छक्के जड़े। इस साझेदारी को हर्षित राणा ने हेटमायर को आउट कर तोड़ा जो 29 रन बनाकर आउट हुए। इसके कुछ देर बाद हर्षित ने रियान को भी अपना शिकार बनाया। रियान शतक पूरा नहीं कर सके और 95 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। इस जीत के साथ ही केकेआर के प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदें अभी भी बरकरार हैं। केकेआर ने 11 मैचों में पांच जीत, पांच हार और एक बेनतीजा के साथ 11 अंक हैं और वह अंक तालिका में छठे स्थान पर है। दूसरी ओर, पहले ही अंतिम चार की दौड़ से बाहर हो चुकी राजस्थान रॉयल्स की टीम आठवें स्थान पर है। राजस्थान ने 12 मैचों में तीन में जीत दर्ज की और उसे 9 मुकाबलों में हार झेलनी पड़ी।



# इंग्लैंड में नहीं स्कॉटलैंड में हुआ फुटबॉल का जन्म

स्कॉटलैंड। दुनिया भर में लोकप्रिय खेल फुटबॉल को लेकर अब तक धारणा थी कि इसका जन्म इंग्लैंड में हुआ था, लेकिन नई ऐतिहासिक खोज ने अवधारणा को बदल दिया है। वैज्ञानिकों और इतिहासकारों की टीम ने स्कॉटलैंड में ऐसा प्रमाण खोजा है, जिससे साबित होता है कि फुटबॉल की शुरुआत दरअसल इंग्लैंड में नहीं, बल्कि स्कॉटलैंड में हुई थी। यह खोज न सिर्फ फुटबॉल प्रेमियों के लिए रोमांचक है, बल्कि दो सदी पुराने खेल इतिहास में भी एक बड़ा बदलाव लेकर आई है। ऐतिहासिक खोज का नेतृत्व कर रहे खेल इतिहासकार गेड ओ ब्रायन ने बताया कि उन्होंने स्कॉटलैंड के एन्वॉथ इलाके के पास एक पुराने फार्म मॉसरॉबिन में ऐसी जमीन खोजी, जो कि दुनिया की पहली फुटबॉल पिच हो सकती है। यह मैदान 17वीं सदी का है, जब वहां के लोग नियमित रूप से फुटबॉल खेला करते थे। इस पिच का जिक्र सबसे पहले रेवरेंड सैमुअल रदरफोर्ड द्वारा 1627 से 1638 के बीच लिखे गए एक खत में मिलता है। उस पत्र में उन्होंने स्थानीय लोगों के खेल से नाराजगी जताकर खेल पर प्रतिबंध लगाने के लिए मैदान में पत्थरों की कतार लगाने का आदेश दिया था।

# सूर्यकुमार ने आयुष को भविष्य का सितारा बताया

बेंगलुरु। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को यहां हुए आईपीएल मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) से हार का सामना करना पड़ा है पर इस मैच में उभरते हुए बल्लेबाज आयुष म्हात्रे अपनी आक्रामक पारी से सबके आकर्षण का केन्द्र बने हैं। आयुष ने इस मैच में तेजी से खेलते हुए 94 रन बनाये हालांकि वह अपनी टीम को जीत नहीं दिला पाये। आयुष की इसी पारी की भारतीय टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने जमकर प्रशंसा की है। सूर्यकुमार ने कहा है कि आयुष भविष्य के सितारे हैं। उन्होंने ट्वीट करते हुए लिखा, निश्चित इरादे, बहादुरी और जोश से भरी पारी! भविष्य यहीं है, यह नाम याद रखना। गौरतलब है कि आयुष को कप्तान रुतुराज गायकवाड़ के चोटिल होने के बाद सीएसके ने अपनी टीम में शामिल किया था।



वह मुम्बई की ओर से घरेलू क्रिकेट खेलते हैं। इस मैच में आसीबी के तेज गेंदबाज यश दयाल ने अंतिम ओवर में जबरदस्त गेंदबाजी करते हुए आरसीबी को जीत दिलायी। इस मैच में जीत के लिए सीएसके को अंतिम ओवर में 15 रन की जरुरत पर वह केवल 13 रन ही बना पायी। इस मैच में जीत से आरसीबी का प्लेऑफ में पहुंचना तय हो गया है। इस मैच में आयुष की पारी सबसे आकर्षण का केन्द्र रही। आयुष ने 48 गेंदों में 195.83 के स्ट्राइक रेट से 94 रन बनाए। अपनी इस पारी में आयुष ने 9 चौके और 5 छक्के लगाये। सीएसके प्लेऑफ से बाहर होने के बाद अगले सत्र के लिए प्रतिभाएं तलाश रही थी जिसमें अब वह सफल होती दिख रही है।

# भारतीय महिला हॉकी टीम ने ऑस्ट्रेलिया को हराया, एकमात्र जीत के साथ समाप्त किया दौरा

**पर्थ (एजेंसी)।** भारतीय महिला हॉकी टीम ने रविवार को यहां एक रोमांचक मैच में ऑस्ट्रेलिया को 1-0 से हराकर एकमात्र जीत दर्ज करते हुए दौरे का समापन किया। स्ट्राइकर नवनीत कौर ने पर्थ हॉकी स्टेडियम में 21वें मिनट में मैच विजयी गोल किया।

भारत को इससे पहले ऑस्ट्रेलिया 'ए' टीम से 3-5 और 2-3 से हार का सामना करना पड़ा था और फिर टीम एक मई और तीन मई को ऑस्ट्रेलिया की सीनियर टीम से 0-2 और 2-3 से पराजित हो गई थी। मेहमान टीम ने ऑस्ट्रेलिया दौरे के पांचवें और अंतिम मैच में बेहतरीन हॉकी खेली और मेजबान टीम को करीबी मुकाबले में शिकस्त दी।

पहले क्वार्टर में ऑस्ट्रेलिया ने दबदबा बनाया और दो पेनल्टी कॉर्नर प्राप्त किए, लेकिन भारत के मजबूत डिफेंस ने उन्हें पहला गोल करने से रोक दिया। दूसरे क्वार्टर में छह मिनट बाद भारत ने उप-कप्तान नवनीत कौर के मैदानी गोल की बदौलत बढ़त हासिल कर ली। नवनीत ने शनिवार को भारत की 2-3 की हार में भी गोल किया था।

दूसरे हाफ में दोनों टीमें गोल करने के लिए बेताब थीं लेकिन भारत ने संयम बनाए रखा और बढ़त का सफलतापूर्वक बचाव किया। अंतिम क्वार्टर में ऑस्ट्रेलिया ने एक महत्वपूर्ण पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया लेकिन उन्होंने यह मौका गंवा दिया।




# सनराइजर्स हैदराबाद की मालकिन के पास है करोड़ों की संपत्ति, महंगी कारों की हैं शौकीन

**–इस आईपीएल में थी एसआरएच से उन्हें काफी उम्मीद जो अब हो गई खत्म**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ,(ईएमएस)। सनराइजर्स हैदराबाद की टीम आईपीएल 2025 से तकरीबन बाहर ही हो चुकी है। अब उनका प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करना बहुत मुश्किल है। टीम की मालकिन काव्या मारन को काफी उम्मीदें थी लेकिन वह खत्म हो गई। आपको बता दें काव्या मारन के पास कितनी संपत्ति हैं और वह इतनी कमाई कहां कहां से करती हैं। उनकी कार कलेक्शन में कौन कौन सी गाड़ियां हैं।



मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सनराइजर्स हैदराबाद की सीईओ काव्या मारन की कुल संपत्ति करीब 400 करोड़ की बताई जाती है। उनके कार कलेक्शन में फेरारी रोमा, बेंटले बेंटायगा, रोल्स-रॉयस फैंटम और बीएमडब्ल्यू जैसी महंगी गाड़ियां हैं। काव्या को इतनी संपत्ति अपने पिता के कारण मिली है। उनके पिता कलानिधि मारन सन ग्रुप के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक हैं, जिनकी नेटवर्थ करीब 25000 करोड़ से भी ज्यादा है।

काव्या मारन सन टीवी नेटवर्क लिमिटेड की कार्यकारी निदेशक हैं। वह अपने पिता का कामकाज देखती हैं। इसके अलावा वह आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद की सीईओ और सह-मालिक हैं। वह द हंड्रेड में नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स समेत अन्य प्रोफेशनल खेल टीमों में सन ग्रुप के निवेश की भी देखरेख करती हैं। सनराइजर्स इस्टर्न केप की मालकिन भी काव्या मारन ही है। चेन्नई में जन्मी काव्या मारन ने अपनी पढ़ाई यूके के वारविक बिजनेस स्कूल से एमबीए करने से पहले चेन्नई के स्टेला मैरिस कॉलेज से स्नातक की पढ़ाई पूरी की। 2018 में फ्रेंचाइजी की कमान संभालने के बाद से उन्होंने एसआरएच की ब्रांड पहचान को मजबूत करने की दिशा में काम किया। वह हर समय टीम के साथ रही हैं और उनके चीयर करती नजर आती हैं।

# फिटनेस का राज महंगे सप्लीमेंट या जिम में नहीं : रमनदीप सिंह

नई दिल्ली। कोलकाता नाइट राइडर्स के बल्लेबाज रमनदीप सिंह के अनुसार, पारंपरिक देसी घी, अंडे, दही और गेहूं की रोटी जैसे घरेलू खाने से ही असली ताकत मिलती है। रमनदीप के मुताबिक, फिटनेस का राज महंगे सप्लीमेंट या जिम में नहीं, बल्कि घर के सादे और पौष्टिक खाने में छिपा है। रमनदीप ने टीम की फिटनेस सीरीज 'ट्रेन लाइक ए नाइट' के हालिया एपिसोड में अपनी फिटनेस की सादगी और अनुशासन पर आधारित दिनचर्या साझा की है। चंडीगढ़ में एक अंतरराष्ट्रीय साइक्लिस्ट पिता के घर में पले-बढ़े रमनदीप ने कहा कि उन्हें बचपन से पोषण की अहमियत का बोध हो गया था। वे कहते हैं कि अगर कोई चीनी, तला हुआ खाना और मैदे से बने पदार्थ छोड़ दे, तो 90 प्रतिशत डाइट अपने आप ठीक हो जाती है। उनका मानना है कि आप बाहर जाकर फिट नहीं रह सकते, लेकिन घर का बना खाना आपकी सेहत का आधार बन सकता है। उनका दैनिक आहार देसी घी से शुरू होता है, इसके बाद दो पूरे अंडे, तीन अंडे की सफेदी, गेहूं की रोटी और दही का संतुलित नाश्ता होता है। रमनदीप का फिटनेस फॉर्मूला युवाओं के लिए प्रेरणा है- वह बॉडीवेट एक्सरसाइज जैसे पुश-अप, स्क्वैट्स और पुल-अप को शुरुआती फिटनेस यात्रा के लिए बेहतरीन मानते हैं। उनका कहना है कि यदि हम फिटनेस की शुरुआत जल्दी करते हैं, तो इसका फायदा लंबे समय तक मिलता है। वह रिकवरी को भी उतनी ही अहमियत देते हैं जितनी कसरत को। रमनदीप बताते हैं कि आराम वाले दिन शरीर की मरम्मत और अगले दिन की तैयारी के लिए ज़रूरी होते हैं, और उन दिनों का पोषण ही असली फर्क लाता है। उनके प्री-वर्कआउट रूटीन में 3 ग्राम क्रिएटिन शामिल है और वर्कआउट के बाद वे पर्याप्त फाइबर के साथ प्रोटीन युक्त भोजन लेते हैं, जिसमें सब्जियाँ शामिल होती हैं। जिनके पास जिम की सुविधा नहीं है, उनके लिए भी रमनदीप समाधान देते हैं – 卐20 मीटर की जगह भी काफी है स्प्रिंटिंग के लिए।卐 साथ ही उन्होंने मीठे के शौकीनों के लिए एक स्वादिष्ट और हेल्दी विकल्प भी सुझाया गुड़ और ब्लूबेरी के साथ दही।



# इंग्लैंड दौरे में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं कुलदीप यादव : क्रिकेट विशेषज्ञ



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के पूर्व चयनकर्ताओं और कोचों का मानना है कि कुलदीप यादव एक ऐसे मैच विजेता खिलाड़ी हैं जो इंग्लैंड के खिलाफ उसकी धरती पर होने वाली टेस्ट श्रृंखला में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं तथा कलाई के इस स्पिनर को बल्लेबाजी ऑलराउंडरों पर प्राथमिकता मिलनी चाहिए। उनका मानना है कि रवींद्र जडेजा अपने बेहतर बल्लेबाजी कौशल के कारण पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए पहली पसंद होंगे लेकिन कुलदीप के टीम में शामिल होने से भारत का स्पिन विभाग और मजबूत हो जाएगा।

राष्ट्रीय चयन समिति आईपीएल के प्लेऑफ में पहुंचने वाली टीमों की स्थिति स्पष्ट हो जाने के बाद इंग्लैंड दौरे के लिए भारत और ए टीम की घोषणा कर सकती है। प्लेऑफ में नहीं पहुंच पाने वाली अन्य छह टीमों में शामिल लाल गेंद के विशेषज्ञ खिलाड़ी जल्दी इंग्लैंड के दौरे पर चले जाएंगे जैसा कि पहले भी होता रहा है। इससे उन्हें वहां की परिस्थितियों से सामंजस्य बिठाने में मदद मिलेगी।

ऑस्ट्रेलिया में वाशिंगटन सुंदर ने पहली पसंद के स्पिनर के रूप में शुरुआत की, क्योंकि न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू मैदान पर खराब प्रदर्शन के बाद जडेजा और रविचंद्रन अश्विन दोनों को अंतिम एकादश में शामिल नहीं किया गया था। अश्विन ने ऑस्ट्रेलिया दौरे के बीच में ही संन्यास ले लिया था जबकि वाशिंगटन तीन टेस्ट मैच में केवल तीन विकेट हासिल कर पाए थे। चयन समिति के पूर्व अध्यक्ष एमएसके प्रसाद, उनकी चयन समिति के सहयोगी देवांग गांधी और भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज और प्रसिद्ध कोच डब्ल्यूवी रमन सभी को लगता है कि कुलदीप के पास वह 'एक्स फैक्टर' है जिसकी भारत को इंग्लैंड में जरूरत पड़ेगी।

खेल के सबसे चतुर विश्लेषकों में से एक रमन ने कहा, 'कुलदीप यादव एक आक्रामक विकल्प हैं और उन्हें इंग्लैंड में भारतीय टीम में होना चाहिए। उन्होंने अब तक 12 टेस्ट खेले हैं और अगर हम उनके स्ट्राइक रेट पर गौर करें तो वह हर छह ओवर में एक विकेट (37.3 गेंद प्रति विकेट) है। इसलिए जडेजा के साथ कुलदीप को टीम में रखना मेरे लिए सबसे आसान काम होगा।'

प्रसाद को भी लगता है कि वह वाशिंगटन की तुलना में बेहतर विकल्प हो सकते हैं। प्रसाद ने कहा, 'हालांकि आप अब भी वाशिंगटन को टीम में रख सकते हैं, लेकिन मुझे लगता है कि आपको कुलदीप जैसे उचित मैच विजेता स्पिनर की जरूरत है।' उन्होंने कहा, 'कुलदीप एक ऐसे खिलाड़ी हैं जो अकेले दम पर मैच जीतने की क्षमता रखते हैं। इंग्लैंड में कई ऐसी जगह है जहां स्पिनर को मदद मिलती है और वहां की परिस्थितियों में कलाई का स्पिनर होने के कारण कुलदीप बेहद उपयोगी साबित हो सकते हैं।'

प्रसाद ने तीन स्थानों का हवाला दिया जहां गर्मी और नमी होने पर विकेट वास्तव में स्पिनरों को मदद कर सकते हैं। उन्होंने कहा, 'इंग्लैंड में मौसम भी अपनी भूमिका निभाता है। लंदन में अगस्त गर्म हो सकता है और इसलिए कुलदीप ओवल में महत्वपूर्ण हो सकते हैं। अगर नमी है तो वह बर्मिंघम और ओल्ड ट्रैफर्ड में भी अंतर पैदा कर सकते हैं।' प्रसाद की अध्यक्षता वाली चयन समिति के सदस्य गांधी को लगता है कि ऑस्ट्रेलिया के विपरीत इंग्लैंड की पिचों पर ज्यादा उछाल नहीं होगा और इसलिए कुलदीप की गेंदबाजी की शैली भारत की रणनीति के अनुरूप हो सकती है। गांधी ने कहा, 'जहां तक कुलदीप का सवाल है तो इंग्लैंड के बल्लेबाज उन पर स्वीप करना चाहेंगे, लेकिन इससे उन्हें विकेट लेने का मौका भी मिलेगा। कलाई के स्पिनरों में कुछ गुण होते हैं जिन में सबसे महत्वपूर्ण यह है कि वे पिच को समीकरण से बाहर कर सकते हैं।''

# डब्ल्यूडब्ल्यूई की क्वीन शार्लेट बेसबॉल खिलाड़ी एलेक्स को कर रही डेट

नई दिल्ली, । डब्ल्यूडब्ल्यूई की सुपरस्टार शार्लेट फ्लेयर जो 2025 में डब्ल्यूडब्ल्यूई रॉयल रंबल मैच जीते थे। उनको हाल ही में लास वेगास में हुए शो ऑफ शोज में टिफनी स्ट्रैटन ने उन्हें हरा दिया। घुटने की चोट के कारण एक साल के ब्रेक के बाद शार्लेट ने 2025 विमेंस रॉयल रंबल जीतकर डब्ल्यूडब्ल्यूई में वापसी की थी। हालांकि, टिफनी स्ट्रैटन के खिलाफ उन्हें डब्ल्यूडब्ल्यूई विमेंस चैंपियन का खिताब बरकरार रखने में हार का सामना करना पड़ा। शार्लेट फ्लेयर ने अपने पति एंड्राडे से शादी के दो साल बाद तलाक की घोषणा की है। जिसके बाद फैंस अनुमान लगा रहे हैं कि वह पूर्व बेसबॉल शॉर्टस्टॉप एलेक्स रोड्रिगेज को डेट कर रही हैं। शार्लेट फ्लेयर और एंड्राडे ने 2019 में अपने रिश्ते की घोषणा की थी। कुछ समय तक डेटिंग करने के बाद दोनों ने 2020 में सगाई की थी और 2022 में शादी की थी। डब्ल्यूडब्ल्यूई की यह जोड़ी एक पावर कपल लग रही थी जब एंड्राडे ने 31 जुलाई 2022 को अपने महान लास्ट मैच के लिए रिक फ्लेयर के साथ साझेदारी की। एंड्राडे को शार्लेट फ्लेयर की घुटने की चोट से उबरने के दौरान भी उनका समर्थन करते हुए दिखे थे, लेकिन किसी को पता नहीं था कि पर्दे के पीछे रिश्ते में दरारें पड़ रही थीं। जिसके कारण उनकी शादी खत्म हो गई।





# इस दिन से आवारापन 2 की शूटिंग शुरू करेंगे इमरान हाशमी, स्क्रिप्ट के बारे में किया खुलासा

बॉलीवुड अभिनेता इमरान हाशमी इन दिनों अपनी फिल्म ग्राउंड जीरो को लेकर चर्चा में बने हुए हैं, जो 25 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। वहीं, इस बीच अब अभिनेता की नई फिल्म के बारे में जानकारी सामने आई है। जब इमरान हाशमी ने मार्च में अपने जन्मदिन पर आवारापन के सीक्वल का खुलासा किया तो प्रशंसक रोमांचित हो गए। इमरान ने अब नए इंटरव्यू में अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म की शूटिंग के बारे में जानकारी दी।

## फिल्म की घोषणा

इस साल की शुरुआत में सीक्वल की घोषणा करते हुए, इमरान ने 2007 की फिल्म से अपने किरदार की एक पुरानी क्लिप शेयर की थी, जिसमें वह नाव पर खड़े होकर शहर के क्षितिज के पीछे सूर्यास्त को निहार रहे थे। मशहूर गाने तेरा मेरा रिश्ता के साथ यह वीडियो तुरंत वायरल हो गया, जिसने पुराने प्रशंसकों के बीच भावनाओं को जगा दिया।

कब शुरू होगी फिल्म की शूटिंग

इमरान नेइंटरव्यू में कहा कि क्रू जुलाई के अंत में शूटिंग शुरू कर देगा। प्रशंसकों के पास आगे देखने के लिए बहुत कुछ होगा, क्योंकि उन्होंने यह भी पुष्टि की कि सीक्वल 3 अप्रैल, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। बॉक्स ऑफिस पर शुरूआती दौर में मामूली प्रदर्शन के बावजूद इमरान हाशमी और श्रिया सरन अभिनीत फिल्म आवारापन ने समय के साथ-साथ दर्शकों का खूब ध्यान आकर्षित किया और यह फिल्म दर्शकों के बीच पसंदीदा फिल्म बन गई।

## कई साल से चल रहा था फिल्म की स्क्रिप्ट पर काम

इंटरव्यू के दौरान उन्होंने कई वर्षों तक टीम के साथ आवारापन 2 की स्क्रिप्ट पर काम करने के बारे में भी बताया। अभिनेता ने कहा, हम लगभग दो सालों से सीक्वल की स्क्रिप्ट पर काम कर रहे हैं। हम सिर्फ इसके लिए सीक्वल नहीं बनाना चाहते थे। ऐसा हुआ कि हमने इस साल उस स्क्रिप्ट पर काम पूरा कर लिया। कल्पना कीजिए कि सिनेमाघरों में रिलीज होने के बाद फिल्म को किस तरह का आकर्षण मिला होगा।



# अब अल्लू अर्जुन के साथ रोमांस करेंगी मृणाल ठाकुर

**एक फिल्म जिसका पूरे देश को बेसब्री से इंतजार है, वह है अल्लू अर्जुन की अगली फिल्म जिसे एटली द्वारा निर्देशित किया जाएगा। इस फिल्म की घोषणा कुछ दिनों पहले अभिनेता के जन्मदिन पर की गई थी। फिल्म से जुड़ी जानकारियां पाने के लिए फैंस भी काफी उत्साहित रहते हैं। वहीं, अब खबर है कि फिल्म के लिए मुख्य नायिका को चुन लिया गया है।**



## मृणाल ठाकुर होंगी फिल्म का हिस्सा

एटली की फिल्म में अल्लू अर्जुन के साथ अभिनेत्री मृणाल ठाकुर नजर आएंगी। रिपोर्ट के अनुसार, लीड फीमेल रोल के लिए मृणाल को चुना गया है। रिपोर्ट के अनुसार, वह इस फिल्म में अल्लू अर्जुन के साथ रोमांस करती नजर आएंगी और अभिनेत्री ने गुरुवार को मुंबई में लुक टेस्ट दिया। रिपोर्ट में कहा गया है कि फिल्म में उनका लुक उनकी पिछली साउथ फिल्मों से अलग होगा।

## कई अभिनेत्रियों पर चर्चाएं जारी

मृणाल ही नहीं, फिल्म में अन्य महिला प्रधान भूमिकाएं भी होंगी। कथित तौर पर जान्हवी कपूर और दीपिका पादुकोण को भी फिल्म के लिए चुना जा रहा है और दीपिका एटली के निर्देशन में बनने वाली फिल्म को साइन करने के बहुत करीब हैं। इससे पहले ऐसी खबरें आई थीं कि मेकर्स प्रियंका चोपड़ा, श्रद्धा कपूर, सामंथा रुथ प्रभु, दिशा पटानी और जान्हवी कपूर पर विचार कर रहे हैं और अब मृणाल और दीपिका के नाम की खबरें आई हैं।

## आधिकारिक एलान का इंतजार

हालांकि, इन खबरों पर अल्लू अर्जुन या एटली की ओर से कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। साथ ही अनाम फिल्म की आधिकारिक रिलीज की तारीख भी अभी घोषित नहीं की गई है, लेकिन कथित तौर पर फिल्म 2027 की शुरुआत में बड़े पर्दे पर आएगी। अनाउंसमेंट वीडियो के जरिए संकेत मिला था कि एटली और अल्लू अर्जुन फिल्म के प्री-प्रोडक्शन के लिए अमेरिका गए थे और हॉलीवुड फिल्मों पर काम कर चुके वीएफएक्स एक्सपर्ट्स से मिले थे।

# पिता इरफान खान की बायोपिक में काम करने से इसलिए घबरा रहे बाबिल

दिवंगत अभिनेता इरफान खान की गिनती बॉलीवुड के दिग्गज कलाकारों में होती है। उनकी मौत के बाद अब उनके बेटे बाबिल खान फिल्मों में एंट्री कर चुके हैं और लगातार अपने अलग-अलग किरदारों से खुद को इंडस्ट्री में स्थापित करने में लगे हैं। इस बीच बाबिल ने अपने पिता इरफान खान की बायोपिक बनने पर उनकी भूमिका निभाने के बारे में बात की। उन्होंने बताया कि अगर उन्हें मौका मिलता है तो वो इस भूमिका को निभाएंगे या नहीं। बाबिल खान ने बताया कि अपने पिता की बायोपिक में काम करने का विचार काफी डरावना है। अभिनेता ने कहा, बाबा की भूमिका को पर्दे पर निभाना बेशक बेहद सम्मान की बात है। मैं वास्तव में ऐसा करूंगा। लेकिन अभी मेरे करियर के इस पड़ाव पर यह विचार मेरे लिए बहुत डरावना है। बाबिल की बात करें तो अभिनेता हाल ही में ओटीटी पर रिलीज हुई फिल्म 'लॉगआउट' में नजर आए थे। इसके अलावा बाबिल ने हाल ही में अपने अगले प्रोजेक्ट को लेकर बताया था कि वो अब एक रोमांटिक-कॉमेडी शो में नजर आएंगे। हालांकि, इसके बारे में उन्होंने ज्यादा जानकारी साझा नहीं की।





# इस वजह से अपनी लव लाइफ को सीक्रेट रखना चाहती हैं पलक

अभिनेत्री श्वेता तिवारी की बेटी पलक तिवारी का नाम अक्सर सैफ अली खान के बेटे इब्राहिम अली खान के साथ जोड़ा जाता है। दोनों की डेटिंग की खबरें बी-टाउन का हॉट टॉपिक बनी रहती हैं। हालांकि, दोनों ने कभी अपने रिश्ते पर खुलकर कोई बात नहीं की। इस बीच अब अभिनेत्री पलक तिवारी ने कहा कि वो नहीं चाहतीं कि उनकी लव लाइफ चर्चा का केंद्र बने या उसको लेकर चर्चाएं हों।

## नहीं चाहती लव लाइफ काम पर हावी हो

अपनी आगामी फिल्म 'भूतनी' के प्रमोशन में जुटीं अभिनेत्री पलक तिवारी ने हाल ही में अपनी लव लाइफ को लेकर बात की। फिल्मफेयर के साथ हालिया बातचीत में पलक ने खुलासा किया कि उन्हें अपनी लव लाइफ के बारे में बात करना क्यों पसंद नहीं है। अभिनेत्री ने कहा, अपने करियर के इस पड़ाव पर मैं नहीं चाहती कि मेरी रोमांटिक लाइफ या मेरी लव लाइफ हावी हो जाए या बातचीत का विषय बने, जब मैं अभी अपना नाम बनाने की कोशिश कर रही हूं। जब कोई व्यक्ति बहुत कुछ करना चाहता है तो यह उसे हेडलाइन तक सीमित कर देता है।

## इसलिए रखती हैं चीजों को प्राइवेट

पलक ने आगे कहा, मैं नहीं चाहती कि कोई और उन मामलों पर राय रखे, जिनके बारे में मैं ज्यादा सोचती हूं या जो मेरे लिए काफी महत्वपूर्ण हैं, जैसे कि रिश्ता। इसलिए मैं चीजों को निजी रखना पसंद करती हूं।

पलक तिवारी जल्द ही फिल्म 'द भूतनी' में नजर आएंगी। ये फिल्म 1 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म में उनके साथ संजय दत्त, मौनी रॉय, सनी सिंह, आसिफ खान और निक भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। इस हॉरर कॉमेडी को सिद्धांत सचदेव ने लिखा और निर्देशित किया है।



# इस फिल्म के कायल हैं 'हिट 3' के चर्चित अभिनेता नानी

नानी अभिनीत फिल्म हिट 3 का दर्शकों को बड़ी बेसब्री से इंतजार है, जिसके लिए फिल्म की एंडवास्ड बुकिंग सिर्फ भारत ही नहीं, बल्कि अमेरिका में भी शुरू हो गई है। फिल्म के सभी कलाकार और निर्माता इसके प्रमोशन में जोरों-शोरों से लगे हुए हैं। अब एक्टर नानी ने अपने जीवन की सबसे धाकड़ फिल्म का जिक्र किया है। आइए जानते हैं अभिनेता की पसंदीदा फिल्म।

## पसंदीदा फिल्म को लेकर हुआ सवाल


सैलेश कोलानू के निर्देशन में बनी फिल्म हिट 3 के प्रमोशन के लिए नानी और श्रीनिधि शेट्टी एक समारोह में पहुंचे थे। एक इंटरव्यू में इन दोनों से उनकी पसंदीदा तमिल फिल्मों के बारे में सवाल किया गया। इसके जवाब में अभिनेत्री श्रीनिधि शेट्टी ने बताया कि उनकी सबसे खास फिल्म है लुब्बर पंधु, जो तमिल भाषा में हैं।

## यह फिल्म है नानी की फेवरेट

पसंदीदा फिल्मों के सवाल के जवाब में एक्टर नानी ने कहा, तमिल सिनेमा को भूल जाओ। मेयाझगन (तेलुगु में सत्यम सुंदरम नाम से है) पिछले दशक की मेरी पसंदीदा फिल्म है। यह एक बेहतरीन फिल्म है। उस फिल्म ने मुझे शानदार अनुभव कराया था। प्रेम कुमार के निर्देशन में बनी इस फिल्म ने जादू कर दिया था। आप सेट बना सकते हैं और हजारों करोड़ खर्च कर सकते हैं, लेकिन यह फिल्म पूरी तरह से जादू थी। इस शानदार फिल्म के लिए कार्थी, अरविंद स्वामी सर और प्रेम को बहुत-बहुत सम्मान।' आगे उन्होंने कहा, 'मैंने कार्थी को फोन किया और 'मेयाझगन' जैसी फिल्म बनाने के लिए उनकी सराहना की। जब भी मैं उस फिल्म के बारे में सोचता हूं, तो मुझे खुशी महसूस होती है।'

## एक नजर 'हिट 3' की ओर

हिट 3 में नानी एक गुस्सैल पुलिस अधिकारी की भूमिका में हैं, जिस कारण इस फिल्म का फैंस को बड़ी बेसब्री से इंतजार है। फिल्म में नानी के साथ श्रीनिधि शेट्टी भी नजर आएंगी। हिट फ्रेंचाइजी की पिछले भागों को दर्शकों द्वारा खूब पसंद किया था। 'हिट 3' एक मई 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# मुझे मन-मुताबिक रोल ही नहीं मिलते, रामायण का हिस्सा होना खास है

**रंग दे बसंती, आजा नच ले, बचना ऐ हसीनों, डॉन 2 जैसी मशहूर फिल्मों का हिस्सा रहे ऐक्टर कुणाल कपूर बहुत ही चुनिंदा प्रोजेक्ट्स में नजर आते हैं। पिछली बार वेब सीरीज द एंपायर में बाबर की भूमिका में दिखे कुणाल अब चार साल बाद फिल्म ज्वेल थीफ- द हीस्ट बिगिंस को लेकर चर्चा में हैं।**

## नहीं मिलता मनमाफिक काम

चार साल के बाद स्क्रीन पर वापसी करने को लेकर कुणाल कहते हैं, मैं तो बहुत काम करना चाहता हूं पर उस तरह का काम मिलता नहीं है। अगर मेरा बस चलता तो मैं हर साल दो-तीन बार तो दिखता, लेकिन जिस तरह के काम की मुझे तलाश रहती है, वैसा आता नहीं है। ऐसे में, मेरा मानना है कि ऐसा काम जो आपको पसंद नहीं है, वो करने के बजाय अच्छे काम का इंतजार करना बेहतर है। कभी-कभार ऐसा भी हुआ कि मैं किसी फिल्म के शुरू होने का इंतजार कर रहा हूं, उस चक्कर में कोई और फिल्म नहीं की, पर वो पिक्चर नहीं बनी। कभी कोई फिल्म की, मगर उसे जैसा रिलीज मिलना चाहिए वो नहीं मिला तो लोगों को लगता है कि आपने बहुत काम नहीं किया। हालांकि, ऐसा नहीं है कि इंडस्ट्री या फिल्मों से मेरा कनेक्शन टूट गया है। मैं स्क्रिप्ट्स पर काम कर रहा था। फिल्मों के वर्कशॉप भी करता रहता हूं, तो थोड़े वक्त के बाद दिख रहा हूं, मगर मेरा इंवॉल्वमेंट उतना ही है।

## खुद के लिए लिख रहा हूं कहानियां

ऐक्टिंग के साथ लेखन में भी हाथ आजमाने वाले कुणाल कपूर इन दिनों कई स्क्रिप्ट्स पर काम कर रहे हैं। उन्होंने बाकायदा एक राइटर्स रूम भी डेवलप किया है। इसके सोच के बारे में उन्होंने बताया, लिख तो मैं बहुत साल से रहा हूं। जब मैं फिल्म अक्स में असिस्टेंट डायरेक्टर था, तब से लिखता रहा हूं। जब पहली फिल्म लव शव ते चिकन खुराना मैंने समीर और सुमित ने मिलकर लिखी थी, वो हमारे पर्सनल एक्सपीरियंस पर आधारित थी, क्योंकि फिल्मों में जो पंजाब दिखाया जाता है, हमें लगता था कि वैसा पंजाब हमने तो नहीं देखा। हमने जो पंजाब देखा वो बहुत अलग है, तो हम उस पंजाब को लोगों के सामने लाना चाहते थे और उस एक्सपीरियंस में मुझे बहुत मजा आया था, क्योंकि उसमें आप शुरुआत से फिल्म से जुड़े होते हैं। इसलिए, मैंने सोचा कि जो कहानियां मैं लिख चुका हूं, उनको स्क्रिप्ट में डेवलप करके फिल्में बनानी चाहिए। इसलिए, मैंने एक राइटर्स रूम बनाया है, जहां अलग-अलग तरह की स्क्रिप्ट डेवलप की जा रही है। कुछ में मैं ऐक्टिंग करना चाहता हूं, कुछ प्रड्यूस करना चाहता हूं।

## 13 साल की उम्र में पोस्ट बॉक्स बेचे थे

फिल्म ज्वेल थीफ में करोड़ों के पैसों का खेल चलता है। ऐसे में, हमने कुणाल से उनकी पहली कमाई के बारे में जानना चाहा तो उन्होंने बताया, जब मैं 13-14 साल का था तो मुंबई में एक पहल हुई थी कि हर बिल्डिंग के नीचे एक पोस्ट बॉक्स होगा, क्योंकि जो पोस्टमैन आते हैं, उन बेचारों को बहुत सीढ़ियां चढ़ते हैं। इसलिए, सरकार का ये सुझाव था कि हर फ्लैट के नीचे एक पोस्ट बॉक्स होना चाहिए। तब मैंने एक सोसायटी को पोस्ट बॉक्स बेचे थे। मैं किसी को जानता था जो पोस्ट बॉक्स बनाते थे तो मैंने अपनी गर्मी की छुट्टियों में जाकर एक सोसायटी में करीब 20 पोस्ट बॉक्स बेचे थे और वो मेरी पहली कमाई थी। हालांकि, मुझे याद नहीं कि मैंने कितने पैसे कमाए थे और उनका क्या किया। शायद मैंने अपने डैड को दे दिया था। बता दें कि कुणाल अब भी इंवेस्टमेंट और बिजनेस में काफी सक्रिय हैं। वह ऐक्टर के साथ-साथ प्रशिक्षित पायलट और रैली कार ड्राइवर हैं, तो फंड जुटाने वाले चर्चित ऑनलाइन प्लैटफॉर्म केटो के को-फाउंडर भी हैं।

## रामायण का हिस्सा होना खास

कुणाल आने वाले दिनों में सुपरस्टार चिरंजीवी स्टारर तेलुगु फिल्म विश्वंभरा और नितेश तिवारी की बहुचर्चित फिल्म रामायण में भी नजर आने वाले हैं। इन आने वाले प्रॉजेक्ट के बारे में वह बताते हैं, विश्वंभरा तो जल्द ही रिलीज होने वाली है। वह बहुत ही मजेदार कहानी है और फिल्म में मेरा जैसा रोल है, वह ना तो मैंने पहले किया है और ना ही मुझे आगे करने का मौका मिलेगा, इसलिए मै उसे लेकर बहुत उत्साहित हूं। वहीं, रामायण के बारे में ज्यादा बता नहीं सकता, क्योंकि उसमें अभी बहुत वक्त है, लेकिन वह मेरे लिए बहुत खास फिल्म होने वाली है।

# ‘एक देश, एक चुनाव’ लोकतंत्र की दिशा में एक निर्णायक कदम : सुनील बंसल






**नोएडा ( चेतना मंच )।** एक देश, एक चुनाव की अवधारणा लोकतंत्र को अधिक व्यावहारिक और व्यय-कुशल बनाने की दिशा में एक सार्थक प्रयास है। बशर्ते इसके कार्यान्वयन की योजना व्यापक विचार-विमर्श और सर्वसम्मति से की जाए। यह बातें नोएडा के सेक्टर-91 स्थित पंचशील बालक इंटर कॉलेज ऑडिटोरियम में आयोजित ‘एक राष्ट्र, एक चुनाव’ विषयक प्रबुद्ध समागम में वर्तमान में ‘एक देश, एक चुनाव’ के राष्ट्रीय संयोजक और भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल ने कहीं।

इस कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ. डी.के. गुप्ता (Chairman, फेलिक्स हॉस्पिटल, नोएडा) थे और संयोजक की भूमिका में उपस्थित रहे।

सुनील बंसल ने कहा कि बार-बार के चुनाव से देश का विकास और जनकल्याण की योजनाएं बाधित होती हैं। विगत 30 सालों से देखें तो कोई ऐसा वर्ष नहीं रहा जिसमें किसी एक राज्य का चुनाव संपन्न नहीं हुआ हो। अनियंत्रित तरीके से होने वाले यह चुनाव देश की प्रगति में स्पीड ब्रेकर का काम करते हैं। हमें एक साथ चुनाव की प्रक्रिया अपनाकर, ऐसे गतिरोधकों को उखाड़ना है। इस सुधार को अपनाकर, देश के राजनीतिक एजेंडा में बड़ा बदलाव आएगा। क्योंकि चुनाव, विकास के मुद्दे पर होंगे और पांच साल में एक बार चुनाव होने से राजनेताओं की जवाबदेही बढ़ेगी। यह कोई नया विचार नहीं है बल्कि 1952 से लेकर 1967 तक चार चुनाव देश में इसी प्रक्रिया से संपन्न हुए हैं। सरकार की ओर से तैयार इस विधेयक के सभी पहलुओं पर गहन विचार



विमर्श के लिए उच्च स्तरीय समिति का गठन किया गया था। समिति ने कुल 62 राजनीतिक दलों से इस प्रस्ताव पर सुझाव मांगे, जिसमें 47 दलों ने अपनी प्रतिक्रिया दी, 32 दलों ने समकालिक चुनाव के पक्ष और 15 ने इसका विरोध में राय दी। चुनावी खर्च की ही बात करें तो एक अनुमान के मुताबिक केवल 2024 के लोकसभा चुनावों में ही एक लाख करोड़ रुपये से अधिक खर्च हुए, जो देश के वित्तीय संसाधनों पर एक बड़ी लागत को दर्शाता है। इसके अतिरिक्त, एक रिपोर्ट के अनुसार यदि 2024 में देश में एकसाथ चुनाव हुए होते तो यह देश के सकल घरेलू उत्पाद में 1.5 प्रतिशत अंकों की वृद्धि कर सकता था, जो भारतीय अर्थव्यवस्था में 4.5 लाख करोड़ रुपये जितना होता। ऐसा होने से एक ही बार में अधिकांश लोगों के चुनाव लड़ने से लोगों को अवसर मिलेगा। परिवारवादी पार्टियों को इससे दिक्कत हो सकती है लेकिन पांच साल में एक बार मतदान से वोट की ताकत बढ़ेगी। शासन प्रशासन में गुड गवर्नेंस को बढ़ावा मिलेगा।

चुनावों के दौरान होने वाले प्रचार से वायु और ध्वनि प्रदूषण बढ़ता है। बड़ी मात्रा में पोस्टर, बैनर और अन्य प्रचार सामग्री का उपयोग होता है, जिससे पर्यावरण को नुकसान पहुंचता है। एक साथ चुनाव होने से इस प्रदूषण में भी कमी आएगी। बार-बार चुनावों से न केवल सरकारी तंत्र बल्कि आम जनता का भी समय और ऊर्जा खर्च होती है। एक साथ चुनाव कराने से लोगों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए बार-बार अपने काम से छुट्टी नहीं लेनी पड़ेगी।

इस मौके पर पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं गौतमबुद्धनगर विधानसभा क्षेत्र से सांसद डॉ. महेश शर्मा, राज्यसभा सांसद सुरेन्द्र नागर, पूर्व परिवहन मंत्री एवं विधान परिषद सदस्य अशोक कटारिया, विधायक नोएडा एवं भाजपा उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष पंकज सिंह, विधायक दादरी तेजपाल नागर, विधायक जेवर धीरेंद्र सिंह, उत्तर प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री कैप्टन विकास गुप्ता, पूर्व विधायक एवं मंत्री नवाब सिंह नागर, हरीश चंद भाटी, श्रीमती विमला बॉथम, भाजपा महानगर अध्यक्ष महेश चौहान, भाजपा जिला अध्यक्ष अभिषेक शर्मा, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं पूर्व अध्यक्ष, सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता, फोनरवा अध्यक्ष योगेन्द्र शर्मा, डीडीआर डब्ल्यूए अध्यक्ष ठा. एनपी सिंह, नोएडा एंप्लॉयी एसोसिएशन अध्यक्ष चौ.राजकुमार, भारतीय चिकित्सा संघ, फिक्की, एसोचैम, लोकमंच के महासचिव महेश सक्सेना, इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन, समाजसेवी संस्था आकांक्षा, पंजाबी क्लब, व्यापार मंडल, दिल्ली-एनसीआर, अग्रवाल मित्र मंडल, युगा व्यापार मंडल, रामलीला मित्र मंडल संस्था के पदाधिकारी मौजूद थे।

श्रीमद् भागवत कथा

# सुदामा व परीक्षित मोक्ष प्रसंगों का वर्णन

**नोएडा ( चेतना मंच )।** सेक्टर-82 के प्राचीन तपोभूमि ब्रम्हचारी कुटी में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के सातवें दिन कथा व्यास आचार्य अमित दीक्षित ने सुदामा चरित्र और परीक्षित मोक्ष आदि प्रसंगों का सुंदर वर्णन किया।



कथा में आचार्य दीक्षित ने बताया कि सुदामा जी जितेंद्रिय एवं भगवान कृष्ण के परम मित्र थे। भिक्षा मांगकर अपने परिवार का पालन पोषण करते । गरीबी के बावजूद भी हमेशा भगवान के ध्यान में मग्न रहते। पत्नी सुशीला सुदामा जी से बार बार आग्रह करती कि आपके मित्र तो द्वारकाधीश हैं उनसे जाकर मिलो शायद वह हमारी मदद कर दें। सुदामा पत्नी के कहने पर द्वारका पहुंचते हैं और जब द्वारपाल भगवान कृष्ण को बताते हैं कि सुदामा नाम का ब्राम्हण आया है। कृष्ण यह सुनकर नंगे पैर दौडकर आते हैं और अपने मित्र को गले से लगा लेते । उनकी दीन दशा देखकर कृष्ण के आंखों से अश्रुओं की धारा प्रवाहित होने लगती है। सिंघासन पर बैठाकर कृष्ण जी सुदामा के चरण धोते हैं। सभी पटरानियां सुदामा जी से आशीर्वाद लेती हैं। सुदामा जी विदा लेकर अपने स्थान लौटते हैं तो भगवान कृष्ण की कृपा से अपने यहां महल बना पाते हैं लेकिन सुदामा जी अपनी फूंस की बनी कुटिया में रहकर भगवान का सुमिरन करते हैं।

अगले प्रसंग में शुकदेव जी ने राजा परीक्षित को सात दिन तक श्रीमद्भागवत कथा सुनाई जिससे उनके मन से मृत्यु का भय निकल गया। तक्षक नाग आता है और राजा परीक्षित को डस लेता है। राजा परीक्षित कथा श्रवण करने के कारण भगवान के परमधाम को पहुंचते है। इसी के साथ कथा का विराम हो गया। आयोजन समिति के सदस्य राघवेंद्र दुबे ने बताया कि 5 मई को सुबह 8 बजे से हवन यज्ञ होगा इसके उपरांत पूर्णाहुति होगी। विशाल भण्डारे का आयोजन 11 बजे से होगा जिसमें सभी भक्तजन प्रसाद ग्रहण करेंगे।

इस अवसर पर महंत ओम भारती जी महाराज, यज्ञाचार्य मनोहर शास्त्री जी, रत्नेश्वरानंद तीर्थ , विकास भारती जी, सुशील पाल, शिववृत तिवारी, अशोक कुमार,सुमित दीक्षित , देवेंद्र गुप्ता, गोपेश पांडेय, सीके शर्मा, दीपक मेहरा, मंगू त्यागी, सहित तमाम भक्तजन मौजूद रहे।



‘एक राष्ट्र एक चुनाव’ के संकल्प में सहभागी बने श्रीजी संस्कार पब्लिक स्कूल सेक्टर-45 के छात्र-छात्राएं व अध्यापक अध्यापिकाएं।

# ‘हृदय की गूंज’ पुस्तक का विमोचन समारोह

**नोएडा ( चेतना मंच )।** साहित्य, संवेदना और सृजनशीलता




से सजी एक संध्या के अवसर पर वरिष्ठ लेखिका डॉक्टर नीरजा उपाध्याय द्वारा रचित पुस्तक "Echoes of Heart" का विमोचन समारोह आयोजित किया गया। यह आयोजन भावनाओं की गहराइयों और शब्दों की ऊँचाइयों का एक अद्वितीय संगम बना।

समारोह में सुशील भारती- निदेशक, ब्रॉडकास्ट, रेडियो नोएडा 107.4 एवं Ms TV, शैलेन्द्र शैल— प्रसिद्ध हिंदी कवि, उपन्यासकार, संपादक एवं अनुवादक, प्रेम सिंह ढींगरा — लेखक व परोपकारी व्यक्तित्व, प्रेम भारद्वाज — अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रकाशित कवि एवं लेखक, माला भंडारी, ममता, सुशील, रानी भार्गव और मालती उपाध्याय विशिष्ट अतिथि रहे।

पुस्तक Echoes of Heart केवल लेखन का एक संग्रह नहीं, बल्कि लेखिका के हृदय की वे अनुभूतियाँ हैं, जिन्हें उन्होंने वर्षों के अनुभव और आत्मचिंतन से संजोया है। कार्यक्रम की शुरुआत साहित्यिक स्वागत भाषण से हुई, जिसमें इस कृति के महत्व और लेखिका की रचनात्मक यात्रा को रेखांकित किया गया। मुख्य अतिथियों द्वारा पुस्तक का लोकार्पण किया गया। लोकार्पण के पश्चात लेखिका ने अपने विचार साझा करते हुए बताया कि यह पुस्तक उनके जीवन के अनकहे पलों, मौन अनुभूतियों और अनकहे संवादों का दस्तावेज़ है। कार्यक्रम की सूत्रधार अंजना भागी रहीं।

# NEET परीक्षा पास कराने वाले गिरोह का पर्दाफाश



**नोएडा ( चेतना मंच )।** NEET जैसी प्रतिष्ठित परीक्षा में पास कराने का झांसा देकर अभ्यर्थियों से लाखों रुपये ऐंठने वाले एक गिरोह का उत्तर प्रदेश STF ने पर्दाफाश किया है। इस मामले में तीन लोगों को नोएडा सेक्टर-3 से गिरफ्तार किया गया है। STF की जांच में सामने आया कि यह गिरोह प्रत्येक अभ्यर्थी से 5 लाख रुपये तक की रकम वसूलता था। ये लोग खुद को एजुकेशन कंसल्टेंट या ‘इंसाइड कनेक्शन’ वाला बताते थे और NEET जैसी राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा में पास कराने का झांसा देकर भोले-भाले छात्रों और उनके अभिभावकों को फंसाते थे। एसटीएफ ने गिरोह के सदस्य धर्मपाल, विक्रम व अनिकेत को गिरफ्तार किया है।

# हास्य योग की दीक्षा देकर खूब हंसाया

**नोएडा ( चेतना मंच )।** विश्व हास्य दिवस का पहला आयोजन 10 मई 1998 को मुम्बई, भारत में, विश्वव्यापी हास्य योग आंदोलन के संस्थापक डॉ. मदन कटारिया द्वारा किया गया था। अब यह दिवस मई के पहले रविवार को मनाया जाता है। इस दिन दुनिया भर में पार्कों, सड़कों और घरों के अंदर हंसी के सत्र आयोजित करके विश्व हंसी दिवस मनाया गया।



नोएडा सेक्टर 21 के पी/एफ ब्लॉक पार्क में नवगठित ‘इवनिंग लाफ्टर योग क्लब’ ने अपने मेंटर क्लब जेवीसीसी लाफ्टर के सदस्यों के साथ मिलकर पहली बार विश्व हास्य दिवस मनाया। लगभग 150 सदस्यों ने भाग लिया और दिल खोलकर हंसे। सुपर सीनियर सिटीजन और युवा लोग, स्वस्थ, खुश रहना, व्यक्तिगत विकास और नए आत्मविश्वास; जैसे लाभों को साझा कर रहे थे।

सेक्टर 21 निवासी डॉ. राजेश चंद्रा ने बताया कि हास्य योग से उनके जीवन में बहुत बड़ा बदलाव आया है। एक अन्य प्रतिभागी, मनोरमा ने बताया कि हंसने से जीवन में तनाव कम होता है और व्यक्ति का मानसिक स्वास्थ्य बेहतर रहता है। मुख्य अतिथि दिल्ली लाफ्टर क्लब की, लाफ्टर एम्बेसडर, डॉ. संतोष साही का स्वागत कमांडर नरिंदर महाजन व कोर कमेटी के सदस्यों ने किया। हंसी का सत्र का संचालन हरीश मेहता और पुरुषोत्तम बजाज ने किया।

जेवीसीसी लाफ्टर क्लब के सदस्यों ने इवनिंग लाफ्टर क्लब के साथ मिलकर सौ से अधिक नए प्रतिभागियों को हास्य योग की दीक्षा दी है।

# नीलगिरी रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन का चुनाव संपन्न

**नोएडा ( चेतना मंच )।** सेक्टर-34 नीलगिरी रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) के चुनाव परिणाम घोषित किए गए। चुनाव अधिकारी कैप्टन ए. एम. सूरज ने बताया कि सभी पदों के लिए केवल एक-एक आवेदन प्राप्त हुए थे, जिसके चलते सभी उम्मीदवारों को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया।

चुनाव में विनोद कुमार सिन्हा को अध्यक्ष, नरेश किशवान को सचिव, ईश कुमार को उपाध्यक्ष, अंकित बंसल को कोषाध्यक्ष और श्रीमती ए. उपाध्याय को बोर्ड मेंबर चुना गया।

इस अवसर पर आरडब्ल्यूए फेडरेशन के अध्यक्ष के. के. जैन ने नव निर्वाचित टीम को बधाई देते हुए कहा कि फेडरेशन नीलगिरी अपार्टमेंट के विकास में हरसंभव सहयोग करेगा। कार्यक्रम में फेडरेशन के उपाध्यक्ष कुलदीप मुंशी, संजीव कुमार, पूर्व अध्यक्ष श्रीमती सुरिंदर महाजन,अरविंद कुमार सहित बड़ी संख्या में निवासी उपस्थित रहे।



